50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 7.2 °c
अधिकतम 17.7 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 94127-10840, 9368549219 | संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:12, सूर्यास्त : 5:29 | वर्ष : 50/ अंक : 358 | बृहस्पतिवार, 29 दिसम्बर 2022 | पौष, शुक्ल पक्ष, सप्तमी | सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु. | पृष्ठ-4

**आज की अमृतवाणी**

सफलता का मिलना तो तय है, देखना तो यह है की आप उसकी कितनी कीमत चुकाने को तैयार हैं।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

हमारा राहुल गांधी की यात्रा में शामिल होना? चंडूखाने की गप्प है, हमें न्यौता नहीं मिला : अखिलेश यादव



शादी में न्यौता चाहिए.....पदयात्रा में तो बिना न्यौते के जाते हैं........

# आखिर चार दशकों तक कहां थे अफसर, जो अब उठा एसडी मार्किट का मुद्दा

- सरकारी जमीन पर बनी एसडी मार्किट पर हुई प्रशासन की टेढ़ी नजर, कार्यवाही पर लगी सभी की निगाहें
- एसडी कॉलेज एसोसिएशन के संतोषजनक जवाब न देने पर पालिका में निहित हो जायेगी पूरी मार्किट
- डीएम की जांच के बाद उजागर हुआ एसडी मार्किट का घोटाला, पांच हजार करोड़ से अधिक की है सम्पत्ति
- 40 सालों में वसूली गई पगड़ी और किराया एसोसिएशन के पदाधिकारियों के लिए बन सकता है गले का फंदा

**मुजफ्फरनगर, 28 दिसंबर (बु.)।** जिले की सबसे बेशकीमती सरकारी जमीन पर बनी एसडी मार्किट के बड़े घोटाले का खुलासा करने में प्रशासन कामयाब रहा है, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि चार दशक तक जिले में आये तमाम अफसर क्यों सोते रहे। शिकायतें पहले भी हुई, मगर वो कागजों में ही दम तोड़ती चली गयी। जिलाधिकारी सीबी सिंह की जांच में जो तथ्य सामने आये हैं, वो बेहद चौंकाने वाले हैं। यदि पांच हजार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की यह सम्पत्ति हिस्से में आई तो नगरपालिका मालामाल हो जायेगी। अब देखना यह है कि प्रशासन के नोटिस का एसडी कॉलेज एसोसिएशन क्या जवाब देती है। यदि जवाब इधर उधर मिला तो प्रशासन इस सम्पत्ति पर काबिज हो जायेगा।

शहर के बीचो बीच स्थित सनातन धर्म कन्या इण्टर कॉलेज की जमीन पर निजी शिक्षण संस्थाओं का निर्माण करने और विद्यालय की जमीन पर एसडी मार्किट का निर्माण किए जाने का मामला एसडी कॉलेज एसोसिएशन के गले की फांस बन गया है। दरअसल, शहर के दक्षिणी सिविल लाइन निवासी श्रीकांत त्यागी ने एसडी कॉलेज एसोसिएशन के द्वारा शिव चौक के सामने ही एसडी मार्किट बनाकर नियम विरुद्ध कार्य करने की शिकायत पूर्व में मुख्यमंत्री के यहां की थी, तभी से यह मामला कई दौर की जांच से होकर गुजरता रहा है। विधानसभा में भी 2006 में कैराना के विधायक बाबू हुकुम सिंह ने यह मामला उठाया था। फाइलों में धूल फांक रहा यह मामला, हाल ही में जिलाधिकारी चंद्रभूषण सिंह के सामने भी उजागर हुआ। नगरपालिका से कॉलेज के खेल के मैदान की यह जमीन बरसों पहले लीज पर ली गई थी। लीज का समय करीब 36 साल पहले पूरा हो चुका है। जमीन आवंटित करते समय यह शर्त रखी गई थी कि भूमि का प्रयोग केवल शिक्षा के लिए होगा। व्यवसायिक प्रयोग हुआ तो यह लीज स्वतः ही खत्म हो जायेगी। मगर इस सरकारी जमीन पर एसडी कॉलेज एसोसिएशन ने खेल का मैदान बनाने के बजाये एक बहुमंजिला व्यावसायिक कॉम्प्लैक्स खड़ा कर दिया। वर्तमान में इस भूमि पर करीब 2500 से अधिक दुकानों का बड़ा कपड़ा बाजार चल रहा है।

जिलाधिकारी चंद्रभूषण सिंह ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में जांच टीम गठित की थी। जांच रिपोर्ट में एसडी मार्किट बनाने को लेकर हुए पूरे खेल का खुलासा हुआ। रिपोर्ट में बताया गया कि एसडी कॉलेज एसोसिएशन को 0.440 हैक्टेयर शैक्षणिक कार्यों के उपयोग के लिए दी गई थी। 12 मई 1952 को नगरपालिका परिषद् ने खेल के मैदान के लिए 30 साल की लीज पर दी गई थी। उस हिसाब से 1982 में भूमि के लिए लीज खत्म हो गई। बावजूद इसके तहसील में कानूनगो और लेखपाल से साठगांठ कर यह जमीन एसडी कॉलेज एसोसिएशन के नाम दर्ज करा दी गई। जाहिर है कि सरकारी जमीन कब्जाने के लिए पूरा प्रपंच रचा गया। निःसंदेह प्रशासन ने इस बड़े घोटाले का खुलासा कर बड़ा काम किया है। प्रशासन ने जांच रिपोर्ट के आधार पर एसडी कॉलेज एसोसिएशन को नोटिस जारी किया है। अब देखना है कि एसोसिएशन उसका क्या जवाब देती है। बड़ा सवाल यह है कि सरकारी जमीन पर मार्किट दर मार्किट खड़ा करने का खेल चलता रहा और जिले में तैनात रहे अधिकारी क्यों चुप्पी साधे रहे। घोटाले के खुलासे के साथ क्या उन अधिकारियों पर भी कोई कार्यवाही होगी, जिन्होंने सरकारी भूमि पर बहुमंजिला व्यावसायिक इमारत खड़ी करने वालों को अपनी मौन स्वीकृति देने का काम किया।

**एसडी मार्किट प्रकरण में क्या बोले डीएम चंद्रभूषण सिंह**

मुजफ्फरनगर। जिलाधिकारी चंद्रभूषण सिंह ने एसडी मार्किट घोटाले के मामले में मीडिया से बात करते हुए बताया कि एसडी कॉलेज मार्किट की जो सरकारी जमीन है, उसे लीज पर दी गई थी। यह भूमि शैक्षणिक गतिविधियों के लिए दी थी, परंतु वहां पर शैक्षणिक गतिविधियां ना करके उसको व्यवसाय के रूप में इस्तेमाल किया गया, जिसके सबूत हैं। नगर पालिका में उसके हाउस टैक्स बिल जमा है। जबकि लीज की शर्तों में बड़ा स्पष्ट उल्लेख है अगर कोई भी व्यक्ति शैक्षणिक प्रयोग से इतर इसका इस्तेमाल करेगा तो स्वतः ही लीज समाप्त हो जाएगी और पक्षकार न्यायालय में भी कोई कार्यवाही नहीं कर सकता। इतनी बड़ी सरकार की संपत्ति जोकि नजूल है, अभिलेखों में उस पर एक व्यक्ति ने अनाधिकृत रूप से कब्जा करके बहुत सारी दुकानें बनाकर के बहुत सारे लोगों को दे दी हैं, उसी का नोटिस दिया गया है। 1 सप्ताह का समय दिया गया है। नगरपालिका अभिलेखों में वह संपत्ति नगरपालिका की नजूल की जमीन है, जो पूर्णतया सरकारी जमीन है। इस मामले में शासन को भी अवगत करा दिया गया है और नगरपालिका अपनी जमीन पर कब्जा ले सकेगी। उन्होंने कहा कि बात दुकानों की करें तो उनमें व्यापार कर रहे दुकानदार तैयार होंगे उनका विस्थापन किया जायेगा। इन दुकानदारों को नगरपालिका में किरायेदार के रूप में आवेदन करना होगा, इसके बाद नगर पालिका अपने स्तर से कार्यवाही करेगी।

## रोजी-रोटी का संकट होगा, तो करेंगे विरोध प्रदर्शन

- व्यापारी बोले-अपने प्रतिष्ठान बचाने को लड़ेंगे आरपार की लड़ाई
- शुक्रवार को मंत्री कपिल देव ने मिलने का दिया है समय, रास्ता नहीं निकला तो करेंगे बाजार बंद

**मुजफ्फरनगर, 28 दिसंबर (बु.)।** एसडी कॉलेज मार्किट के अस्तित्व पर खतरा मंडराने के बाद व्यापारियों ने बुधवार को एकजुटता दिखाते हुए आरपार की लड़ाई लड़ने की हुंकार भरी। व्यापारियों का कहना था कि वो किसी कार्यवाही का विरोध नहीं कर रहे हैं, लेकिन रोजी रोटी पर संकट आयेगा तो वो किसी भी सूरत में लड़ाई से पीछे नहीं हटेंगे। पहले चरण में शुक्रवार को वो मंत्री कपिल देव से मिलेंगे, यदि कोई रास्ता नहीं निकला तो बाजार बंद कर अपना विरोध प्रकट करेंगे।

एसडी कॉलेज मार्किट मामले में प्रशासन द्वारा एसडी कॉलेज एसोसिएशन को दिये गये नोटिस के बाद से व्यापारियों में बैचेनी है। हर कोई इस कार्यवाही को अपने नजरिये से ले रहा है। कई व्यापारी तो दहशत में आ गये हैं। इसी गहमागहमी के बीच एसडी मार्किट एसोसिएशन की तमाम शाखाओं और आसपास की मार्किट के व्यापारी नेताओं ने बुधवार को एसडी मार्किट परिसर में बैठक कर पूरे प्रकरण पर मंथन किया। व्यापारियों का कहना था कि एसडी कॉलेज मार्किट सरकारी जमीन पर बनी है या नहीं, इसका जवाब तो एसडी कॉलेज एसोसिएशन को देना है, उनके पास तो किरायेदारी की पक्की रसीदें हैं और वो तमाम टैक्स का भुगतान भी कर रहे हैं। व्यापारियों ने इस बात पर रोष जताया कि यदि एसडी मार्किट का मालिकाना हक नगरपालिका परिषद् को मिला तो उनकी दिक्कतें बढ़ जायेंगी, क्योंकि पहले ही पालिका की शहर में स्थित अपनी मार्किट के शिकमी किरायेदारों, वारिसान और 15 साला मामले कई दशकों से लंबित चलने के कारण व्यापारियों का खुला शोषण हो रहा है। व्यापारियों का कहना था कि पालिका में तो मनमाना प्रशासन चलता है। उनका कहना था कि इस मामले में व्यापारियों का तो कोई दोष नहीं है, क्योंकि वो तो नम्बर एक में किराया चुका रहे हैं। बताया गया कि एसडी कॉलेज एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उनसे सम्पर्क साधकर सहयोग मांगा है। बैठक के बीच ही राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने लखनऊ से एसोसिएशन के पदाधिकारियों को फोन कर आश्वस्त किया कि घबराने की जरूरत नहीं है। इसका सम्मानजनक हल निकाल लिया जायेगा। वो शुक्रवार को उनसे मिलकर पूरे मामले में बात करेंगे। व्यापारियों की बैठक में तय किया गया कि यदि शुक्रवार को राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल से बातचीत सार्थक होती है तो ठीक है, नहीं तो अपने प्रतिष्ठान बंद कर विरोध जताया जायेगा, क्योंकि यह उनकी रोजी रोटी का सवाल है। प्रतिष्ठान पर खतरा मंडरा रहा है, इसलिए इसका पुरजोर विरोध करते हुए आरपार की लड़ाई लड़ने को सभी व्यापारी तैयार हैं। बैठक में मुख्य रूप से एसडी मार्किट एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल नामदेव, संरक्षक राकेश कंसल, योगेश भगत, विजय तागरा, अजय मदान, केवल कृष्ण अरोरा, नरेश कुमार, अनुराग गर्ग, श्याम जसूजा, क्रांति प्रसाद त्यागी, चुन्नीलाल सुनेजा सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।



## बाइक-रेहड़ा भिड़ंत में दो गम्भीर

**खतौली, 28 दिसम्बर, (बु.)।** बीती रात बाईक व रेहड़े के बीच हुई भीषण भिड़ंत में दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। वहीं घायल सपा नेता के भांजे की हालत चिंताजनक बनी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात नगर की नागर कॉलोनी के निकट जी.टी. रोड पर एक बाइक व रेहड़े की आमने-सामने की भीषण भिड़ंत हो गई। दोनों वाहनों के बीच हुई टक्कर में बाइक सवार आलम पुत्र मौहम्मद अहमद निवासी मौहल्ला सर्राफान सहित रेहड़ा चालक अनीस पुत्र जहूर गम्भीर रूप से घायल हो गये। नागरिकों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा तत्काल घायल सरकारी चिकित्सालय भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि बाइक सवार घायल सपा नेता हाजी युसुफ के भांजे आलम को गम्भीर अवस्था को लेकर मोदीपुरम स्थित फ्यूचर प्लस अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां सपा नेता के भांजे की हालत नाजुक बनी हुई है।

## दो दिन में 39 अंतरराष्ट्रीय यात्री कोरोना संक्रमित

**नई दिल्ली, 28 दिसंबर (वार्ता)।** एक रिपोर्ट के मुताबिक, 24 दिसंबर से अब तक 498 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की जांच की जा चुकी है। इस दौरान अब तक कुल 41 यात्री कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। अब इन सभी सैंपल्स को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेज दिया गया है। देश में कोरोना का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक कल की तुलना में आज मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी देखी गई है। वहीं विदेश से आए अब तक 41 यात्रियों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक भारत में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 188 नए मामले सामने आए हैं जो कि कल की तुलना में 31 मरीज अधिक है। जबकि सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 3,468 हो गई है। दुबई से चेन्नई हवाई अड्डे पर लौटे दो यात्रियों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। दोनों यात्री पुदुकोट्टई जिले के अलंगुडी के रहने वाले हैं। उनके परीक्षण के नमूने तमिलनाडु स्वास्थ्य विभाग को भेजे गए हैं। महामारी रोग विशेषज्ञ संजय के. राय ने बताया कि नए कोविड का इन्फेक्शन रेट अधिक है और इससे संक्रमित व्यक्ति 10-18 लोगों को संक्रमित कर सकता है। इससे पहले वाला वेरिएंट 5-6 लोगों को संक्रमित कर सकता था। जिन्हें पहले कोविड हो चुका है या वैक्सीन लगवाई है उन्हें भी फिर से कोविड हो सकता है। इसको लेकर हल्ड ने दिशा निर्देश जारी किए हैं और भारत सरकार ने भी दिशा निर्देश जारी किए हैं। सरकार अपने स्तर पर काम कर रही है और इसको लेकर मॉक ड्रिल भी हुई है लेकिन अब जनता सरकार का सहयोग करे। एक अच्छा संकेत है कि भारत में हर्ड इम्युनीटी बन चुकी है।

## निकाय चुनाव : आज सुप्रीम कोर्ट जाएगी सरकार

**लखनऊ, 28 दिसंबर (वार्ता)।** स्थानीय निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ के निर्णय के खिलाफ प्रदेश सरकार बृहस्पतिवार को सर्वोच्च न्यायालय में विशेष अनुज्ञा याचिका दायर करेगी। सरकार की ओर से उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट आने के बाद ओबीसी आरक्षण के साथ चुनाव कराने की मंजूरी देने का आग्रह किया जाएगा।

निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के लिए सरकार ने उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन कर दिया है। आयोग का गठन करने के बाद अब सरकार बृहस्पतिवार को एसएलपी दायर करेगी। एसएलपी में सरकार उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगाने, आयोग की रिपोर्ट आने के बाद ही चुनाव कराने की मंजूरी देने का आग्रह करेगी। बुधवार को दिनभर नगर विकास विभाग और विधि विभाग के अधिकारी लखनऊ से दिल्ली तक एसएलपी दायर करने की तैयारी में जुटे रहे। अपर महाधिवक्ता विनोद शाही ने बताया कि बृहस्पतिवार को एसएलपी दायर हो जाएगी। लेकिन उस पर बहस 2 जनवरी को सर्वोच्च न्यायालय खुलने के बाद ही हो सकेगी। सरकार के पास अब चुनींदा रास्ते बचे हैं । इनमें एक है कि उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंगनाथ पांडेय का मानना है कि सर्वोच्च न्यायालय सरकार को आयोग की रिपोर्ट के आधार पर ओबीसी आरक्षण का निर्धारण कर चुनाव कराने की अनुमति दे सकता है। इसके लिए समय सीमा भी निर्धारित कर सकता है। सर्वोच्च न्यायालय से राहत नहीं मिलने पर केंद्र सरकार लोकसभा में इससे संबंधित कोई बिल लाकर ओबीसी आरक्षण के साथ चुनाव कराने का रास्ता निकाल सकती है। लेकिन उसके लिए सभी राज्यों की सहमति लेनी होगी। यह रास्ता मुश्किल है और इसमें समय भी अधिक लगेगा। उच्च न्यायालय का फैसला सर्वोच्च न्यायालय के फैसले की लाइन पर ही होने के कारण सुप्रीम कोर्ट एसएलपी को खारिज भी कर सकता है। क्योंकि यह भले ही तत्कालिक रूप से यूपी से जुड़ा है लेकिन मामला पूरे देश से संबंधित है। सर्वोच्च न्यायालय और लोकसभा से कोई राहत नहीं मिलने की स्थिति में सत्तारूढ़ भाजपा निकाय चुनाव में पिछड़े वर्ग को सामान्य की 35 फीसदी सीटों पर टिकट देकर पिछड़े वर्ग को संदेश देने का प्रयास करेगी कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी भाजपा सरकार ने पिछड़ों को निर्धारित से ज्यादा आरक्षण दिया है।

# कंटीली हवाओं के करंट से जिंदगी शंट

- पारे में मामूली गिरावट और धूप के बावजूद तेज हवाओं से बढ़ी ठिठुरन
- एक और पश्चिमी विक्षोभ के आगमन के बाद ठिठुराता आएगा नववर्ष

**मुजफ्फरनगर, 28 दिसंबर (बु.)।** रात में कड़ाके की ठंड के बाद दिन में सूरज निकलने के बावजूद सनसनाती कंटीली तेज हवाओं ने मौसम को बेहद जटिल बना दिया। ऐसे में बुधवार को पूरे दिन पंद्रह किमी प्रतिघंटा की गति से चली पश्चिम उत्तर पश्चिमी हवाओं के साथ 34 किमी गति के झोंकों ने दिन में भी सिहरन बनाए रखी। नगर में आज दिन के तापमान में थोड़ी गिरावट के साथ यह 17 डिग्री रहा और रात का तापमान मामूली सुधार के साथ 7.2 डिग्री रहा। मौसम में नए साल में और ठंड बढ़ने का अंदेशा जताया जा रहा है।

उत्तराखंड से लेकर हिमाचल और कश्मीर तक ऊंचे पहाड़ों पर पिछले दिनों से हो रही बर्फबारी का असर मैदान पर दिखने लगा है। ऐसे में पछुआ हवाओं ने मैदान में ठिठुरन बढ़ा दी है। बीती रात काफी कंपा देने वाले मौसम के बाद आज सुबह हवाओं के चलते कोहरे का असर तो कम रहा, लेकिन बाद में जल्द ही धूप निकलने के बावजूद दिन में लगातार चलती रही हवाएं और बीच में तेज हवाओं के झोंकों के साथ ठिठुरन बनी रही। ऐसे में धूप सेंकने के लिए भी लोग ऐसी आड का सहारा ढूंढते रहे,जहां हवा से बचाव हो सके। शाम होते ही हवाएं और तीखी और कंटीली लगने लगी। मौसम विभाग के अनुसार अब तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी और पछुआ हवा के कारण अधिकतम तापमान सामान्य से काफी नीचे दर्ज किया गया। वहीं, दोपहर बाद हवा की रफ्तार बढ़कर दस से पंद्रह किलोमीटर प्रति घंटा हो जाने से ठिठुरन बढ़ गई और लोगों में कंपकंपी छूटने लगी। अनुमान है कि सुबह हल्का कोहरा छाया रहेगा तो दोपहर बाद धूप खिलेगी। अभी उत्तर पश्चिम से आ रही हवा सर्दी में इजाफा कर रही है। मौसम विभाग की मानें तो दिल्ली में अभी 10 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से उत्तर पश्चिम की हवा चल रही है। धूप की तपिश कम है इस कारण से सर्द हवा ज्यादा परेशान कर रही है। अभी तापमान में उतार चढ़ाव का खेल जारी रहेगा। नए साल से फिर तसे पारे में गिरावट होने पर फिर से पांच डिग्री पहुंच जाएगा और गलन बढ़ेगी। स्काईमेट के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ 29 दिसंबर को उत्तरी पहाड़ों पर पहुंच रहा है और 30 दिसंबर तक मैदानी इलाकों पर बहुत सीमित प्रभाव के साथ बना रहेगा। इस अवधि के दौरान राजधानी सहित उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में कोहरे और तापमान के लिहाज से मौसम की स्थिति बेहतर रहने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद 31 दिसंबर से शुरू होकर जनवरी 2023 के पहले सप्ताह के दौरान घने कोहरे और शीत लहर की स्थिति का नया दौर आएगा।



हाइवे पर घने कोहरे के बीच से होकर गुजरते वाहन

**सेहत का सर्दियों में ऐसे रखें ध्यान**

- संतुलित भोजन लें। अधिक मीठा, नमकीन और खट्टा कम खाएं।
- सर्दियों में घर और रिजाई में ही दुबके न रहें, बल्कि धूप सेकें।
- हाई ब्लड प्रेशर है तो अधिक ठंड में सुबह के समय दवा लेकर ही बाहर निकलें।
- बच्चों को ठंड से बचाने के लिए उनका खास तौर से ध्यान रखें और गर्म कपड़ों में रखें
- सुबह के समय तेज ठंड के दौरान टहलना और आउटडोर गतिविधियां कम से कम करें।
- गर्म कपड़े पहनें और कानों व सिर को भी अच्छी तरह से ऊनी कपड़ों से ढककर रखें।
- सर्दी में अत्याधिक अल्कोहल और कैफीन के सेवन से सेहत को खतरा बढ़ सकता है।

## बच्चों से बुजुर्गों तक को सता रही ठंड

**मुजफ्फरनगर, 28 दिसंबर (बु.)।** कड़ाके की ठंड बच्चों से लेकर बड़ों तक को सता रही है। ऐसे में बच्चे जहां निमोनिया और कोल्ड डायरिया आदि से प्रभावित हो रहे हैं, वहीं बीपी व सांस के रोगियों के लिए यह मौसम काफी मुश्किलें ला रहा है। दिल के रोगियों के लिए भी यह मौसम नुकसानदेह साबित हो रहा है। प्रमुख हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.अनुभव सिंघल का कहना है कि सर्दी बढ़ने के साथ दिल के रोगियों की परेशानी भी बढ़ने लगती है। गर्मियों में और सामान्य मौसम में दिल के रोगियों को कोई खास परेशानी नहीं होती, लेकिन सर्दियों में उन्हें ज्यादा तकलीफ होती है। सर्दी में जहां ऑक्सीजन की कमी रहती है, जिससे रक्त वाहिनियां संकरी हो जाती हैं, जिससे दिल के रोगियों की तकलीफ बढ़ जाती है। डॉ.आरबी सिंह के अनुसार सर्दियों के मौसम में ब्लड प्रेशर सामान्य से कुछ ज्यादा रहता है, जो दिल के रोगियों के लिए परेशानी का सबसे बड़ा कारण है। चिकित्सकों का यह भी कहना है कि जिन लोगों का कॉलेस्ट्रॉल बढ़ा रहता है, उनके लिए यह मौसम खासा खतरनाक होता है। इस मौसम में दिल के रोगियों को कई तरह की गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। दिल के मरीजों में घबराहट, हाई ब्लड प्रेशर, सीने में दबाव या जकड़न बढ़ जाती है।

## नगर क्षेत्र में चला विद्युत विभाग का वसूली अभियान, 80 घरों की बिजली काटी

- कई स्थानों पर पकड़ी बिजली की चोरी, होगी रिपोर्ट दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 28 दिसम्बर (बु.)।** पॉवर कारपोरेशन की टीम की पहल पर नगरीय क्षेत्र में शुरू किए गए चैंकिंग अभियान में कई स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 80 बिजली के बकायेदारों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए उनकी जहां बिजली काट दी है। नगर में चले इस अभियान के बीच टीम द्वारा करीब एक दर्जन घरों में बिजली की चोरी पकड़ी है। इसके साथ ही विभागीय टीम को निरीक्षण के दौरान कुछ घरों के बिजली के मीटर में गड़बड़ी पायी गई है। ऐसे तमाम उपभोक्ताओं के बिजली मीटरों को उतारने के साथ ही उन्हें जांच के लिए लैब में भेजा गया है। नगर क्षेत्र में चले इस अभियान से क्षेत्र में दिन भर हड़कंप सा मचा रहा। पश्चिमांचल विद्युत विभाग की पहल पर पॉवर कारपोरेशन ने बड़े पैमाने पर बकायेदारों और बिजली चोरी करने वालों पर शिकंजा कसने के लिए शनिवार को नगर क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया। इस अभियान में विद्युत विभाग की टीम ने इस दौरान दस हजार और उससे ऊपर वाले बकायेदारों को सूचीबद्ध करते हुए अभियान शुरू किया है। शनिवार को इस कड़ी में विद्युत विभाग की टीम ने नगरीय क्षेत्र में बकायेदारों की सूची लेकर अभियान चला रही है। विभागीय टीम ने अपने इस अभियान के तहत नई मंडी क्षेत्र के साथ ही भरतिया कालोनी, पटेलनगर, रामलीला टिल्ला, ग्राम न्याजूपुरा, मिमलाना रोड, मौ. केवलपुरी, खालापार, किदवई नगर, आनन्दपुरी, कच्ची सड़क आदि क्षेत्रों में छापामार कार्रवाई करते हुए इस बीच में करीब 80 बकायेदारों की बिजली काटी है। वहीं बकाया धनराशि जमा किए बिना बिजली जोड़ने पर रिपोर्ट दर्ज कराने की चेतावनी दी गई। उधर टीम ने इन मौहल्लों में करीब दस घरों में बिजली चोरी पकडी है। विभागीय टीम की माने तो नई मंडी क्षेत्र में सबसे अधिक बिजली चोरी के मामले भरतिया कालोनी में प्रकाश में आए हैं, जहां टीम ने पकड़े गए लोगों के खिलाफ अब रिपोर्ट दर्ज कराने की तैयारी कर रही है। विभागीय अधिकारियों की माने तो जनपद में बड़े पैमाने पर बिजली की चोरी की मिल रही शिकायतों के बीच अब पकड़ में आने वाले बिजली चोरों पर रिपोर्ट दर्ज कराने के साथ वसूली की कार्रवाई की जाएगी।

## क्या फिलहाल चुनाव के रास्ते हो गए हैं बंद?

- सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश को अपहेल्ड किया तो तत्काल चुनाव होंगे मजबूरी
- आयोग को ट्रिपल टेस्ट के आधार पर आरक्षण तय करने में लग सकता है लंबा वक्त

**मुजफ्फरनगर, 28 दिसंबर (बु.)।** क्या यूपी में निकाय चुनाव हाल फिलहाल में होने के तमाम रास्ते बंद हो गए हैं, इसे लेकर राजनीति के अलावा कानून के जानकार भी मंथन कर रहे हैं। यूपी सरकार ने ओबीसी आरक्षण के निर्धारण के लिए भले ही आयोग का गठन कर दिया है, लेकिन चुनाव अभी हों इसका रास्ता बंद नहीं हुआ है। अगर मामला किसी भी पक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट जाता है और वहां से हाईकोर्ट के फैसले का मूल रूप में स्वीकार कर लिया जाता है तो जानकारों का कहना है कि उत्तर प्रदेश सरकार के लिए बिना आरक्षण के चुनाव कराना बाध्यता होगी। निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण को लेकर हाईकोर्ट के कल दिए गए फैसले में कई ऐसी बातें हैं, जिन्हें लेकर सरकार की कवायद पर सवाल खड़े हो रहे हैं। हाईकोर्ट ने निकायों की समयावधि पूरी होने से पहले जल्द से जल्द बिना ओबीसी आरक्षण के चुनाव कराने के आदेश दिए हैं। ऐसे में सरकार ने भले ही ट्रिपल टेस्ट के लिए आयोग गठित कर दिया है, लेकिन अगर यह मामला सुप्रीम कोर्ट जाता है तो वहां सरकार को मुंह की खानी पड़ सकती है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट अगर हाईकोर्ट के फैसले को उन्हीं अर्थों में अपहेल्ड करता है तो सरकार को बिना आरक्षण के चुनाव कराने पड़ सकते हैं क्योंकि हाईकोर्ट का फैसला सुप्रीम कोर्ट द्वारा पूर्व में जारी दिशा निर्देशों पर ही आधारित है। सरकार के सामने दूसरी बड़ी अडचन हाईकोर्ट के उस आदेश से खड़ी होती है जिसमें हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जारी उस अधिसूचना को रद्द किया है जिसमें सरकार ने मौजूदा निकायों का कार्यकाल पूरा होने के बाद उनमें प्रशासक नियुक्त करने की बात कही थी। ऐसे में धर्म संकट इस बात को लेकर होगा कि अगर निकायों में प्रशासक नियुक्त नहीं किए जाते तो क्या मौजूदा निकायों का कार्यकाल नए चुनाव होने तक बढ़ाया जाएगा या फिर इसके लिए कोई और तरीका अपनाया जाएगा। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में एक तरह से सरकार को प्रशासक के मामले में जिस तरह बांधा है उसका पेंच भी सुप्रीम कोर्ट की शरण में जाकर ही खुल सकता है। ऐसे में अब देखना यह है कि इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट कौन जाता है सरकार या फिर याची। बहरहाल अभी भी इस मामले को लेकर असमंजस की स्थिति कायम है।

**ओबीसी आरक्षण के बिना चुनाव हुए तो...**

**मुजफ्फरनगर, 28 दिसंबर (बु.)।** फैसले के अनुसार ओबीसी के लिए आरक्षित सीटें अब सामान्य मानी जाएंगी। इससे प्रदेश में किसी भी प्रकार का ओबीसी आरक्षण नहीं रह गया है। यदि सरकार या निर्वाचन आयोग अभी चुनाव करवाता है तो ओबीसी के लिए आरक्षित सीटों को सामान्य मानकर चुनाव होगा, जबकि एससी और एसटी के लिए आरक्षित सीटें यथावत रहेंगी। इसमें किसी प्रकार का बदलाव नहीं होगा। ऐसे में ओबीसी आरक्षण के बिना चुनाव होने की स्थिति में राजनीतिक दलों के सामने यह संकट होगा कि अपने ओबीसी के दावेदारों को कहां खपाएं?

## ताज देखने आया विदेशी मिला कोविड संक्रमित

**आगरा, 28 दिसंबर (वार्ता)।** ताजमहल का दीदार करने आया अर्जेंटीना का पर्यटक कोविड संक्रमित पाया गया है। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने सभी होटलों से अर्जेंटीना के पर्यटकों के रुकने संबंधी ब्यौरा मांगा है। 26 दिसंबर को पर्यटक का सैंपल लिया गया था। बुधवार को इसकी रिपोर्ट पॉजिटिव मिली। सीएमओ ने सभी होटल प्रबंधकों से पर्यटकों के रुकने और लोगों के संपर्क की जानकारी देने को कहा है। ताजमहल पर बीते शुक्रवार को सेनिटाइज्जेशन कराया गया। यहां कोविड जांच की सुविधा भी शुरू की गई। इसके बावजूद कोविड गाइड लाइन का पालन यहां नहीं किया जा रहा है। अर्जेंटीना के पर्यटक के कोविड पॉजिटिव मिलने के बाद भी ताजमहल पर बुधवार को पर्यटक बिना मास्क पहने नजर आए। न ही शारीरिक दूरी का पालन करते दिखे। सीएमओ डॉ अरुण श्रीवास्तव का कहना है कि पर्यटक जिस होटल में ठहरा है उसका पता नहीं दिया है। केवल स्थान का नाम शाहगंज दिया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम होटलों में जाकर पर्यटक को तलाश रही है।

## निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के लिए आयोग गठित

- राम अवतार सिंह की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय आयोग की अधिसूचना जारी

**लखनऊ, 28 दिसंबर (वार्ता)।** स्थानीय निकाय चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण को लेकर छिड़ी बहस के बीच बुधवार को योगी सरकार ने ट्रिपल टेस्ट के लिए ओबीसी आयोग का गठन कर दिया है। रिटायर्ड जज राम अवतार सिंह की अध्यक्षता में गठित आयोग में कुल पांच सदस्य होंगे। सरकार की ओर से इसे लेकर अधिसूचना जारी कर दी गयी है। आयोग की रिपोर्ट के आधार पर ही यूपी के निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग आरक्षण का निर्धारण होगा। निकाय चुनावों को लेकर मंगलवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने ओबीसी आरक्षण लागू किये बिना ही यूपी में चुनाव कराने के निर्देश सरकार को दिये थे, वहीं सरकार की ओर से स्पष्ट कहा गया था कि बिना पिछड़ा वर्ग आरक्षण के उत्तर प्रदेश में निकाय चुनाव संपन्न नहीं कराए जाएंगे। सरकार की ओर से इसे लेकर उच्चतम न्यायालय जाने की बात भी कही गयी थी। वहीं अब प्रदेश सरकार ने निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के मद्देनजर पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन कर दिया गया है। सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार उत्तर प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग में रिटायर्ड जज राम अवतार सिंह की





अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी बनायी गयी है। इसमें रिटायर्ड आईएएस चौब सिंह वर्मा, रिटायर्ड आईएएस महेन्द्र कुमार, भूतपूर्व विधि परामर्शी संतोष कुमार विश्वकर्मा और पूर्व अपर विधि परामर्शी व अपर जिला जज बृजेश कुमार सोनी को आयोग में शामिल किया गया है। आयोग निकाय चुनाव में ओबीसी वर्ग को आरक्षण के लिए ट्रिपल टेस्ट कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। उस रिपोर्ट के आधार पर ही सरकार निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण निर्धारित करेगी। आयोग में दो सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी और दो रिटायर विधि अधिकारी सहित सभी पांच सदस्य पिछड़े वर्ग से लिए गए हैं। आयोग के अध्यक्ष राम अवतार सिंह और सदस्य चौब सिंह वर्मा जाट समाज से है। संतोष कुमार लुहार और ब्रजेश कुमार स्वर्णकार समाज से है। सेवानिवृत्त आईएएस महेंद्र कुमार चौरसिया समाज से हैं।

### ट्रिपल टेस्ट फार्मूले में ऐसे होता है आरक्षण निर्धारण

**नई दिल्ली, 28 दिसंबर (वार्ता)।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित ट्रिपल टेस्ट फार्मूले में राज्यों के लिए यह आवश्यक किया गया है कि वे एक आयोग गठित कर समुदाय के आंकड़े एकत्रित करें और स्थानीय निकाय में उन्हें दिया गया आरक्षण 50 प्रतिशत से अधिक न हो। सुप्रीम कोर्ट ने कृष्णाराव गवली बनाम महाराष्ट्र सरकार और अन्य के मामले में ट्रिपल टेस्ट फॉर्मूला दिया था।जिसके अनुसार, ओबीसी आरक्षण देने के लिए राज्य का पिछड़ा वर्ग बताएगा कि पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देने की जरूरत है या नहीं और आरक्षण देना है तो कितना देना है। सुप्रीम कोर्ट के ट्रिपल टेस्ट फॉर्मूले के अनुसार, राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग के पिछड़ेपन की स्थितियों (आर्थिक और शैक्षणिक), प्रकृति और प्रभाव का डेटा इकट्ठा करने के लिए एक विशेष आयोग का गठन किया जाना जरूरी है। राज्य सरकार को इस विशेष आयोग की सिफारिशों के आधार पर नगर निगम और नगरपालिका चुनाव में आनुपातिक आधार पर आरक्षण देना होगा। राज्य सरकार को ये भी ध्यान रखना होगा कि एससी-एसटी या ओबीसी के लिए आरक्षित सीटों की संख्या 50 फीसदी के कुल आरक्षण की सीमा से बाहर नहीं जाए।

### अभी तक रैपिड सर्वे से तय हो रहा था आरक्षण

**लखनऊ, 28 दिसंबर (वार्ता)।** निकायों में पिछड़े वर्ग के आरक्षण की व्यवस्था, उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम-1916 में वर्ष-1994 से की गयी है। पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षण देने के लिए अधिनियम में सर्वे कराये जाने की व्यवस्था भी की गयी है। इसके अनुसार राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक निकाय में पिछड़ा वर्ग का रैपिड सर्वेक्षण कराया जाता है। 1991 के बाद अब तक नगर निकायों के सभी चुनाव (वर्ष-1995, 2000, 2006, 2012 एवं 2017) अधिनियम में दिये गये इन्ही प्राविधानों एवं रैपिड सर्वे की रिपोर्ट के आधार पर कराये गये हैं। इतना ही नहीं पंचायती राज विभाग द्वारा पिछड़े वर्गों का रैपिड सर्वे मई वर्ष 2015 में कराया गया था। अब तक उसी सर्वे के आधार पर त्रिस्तरीय पंचायतों का चुनाव 2015 और 2021 में कराया गया है।

# स्टेपिंग स्टोन्स स्कूल में फाउंडर डे पर वॉलीबाल प्रतियोगिता आयोजित

## शिक्षाविद् सुशील बंसल के परिनिर्वाण दिवस पर खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

## प्रतियोगिता की खिताबी भिडंत को टॉप फोर टीमों में गुरूवार को होगी भिडंत

**मुजफ्फरनगर, 28 दिसंबर (बु.)।** स्टेपिंग स्टोन्स स्कूल में शिक्षाविद् सुशील कुमार बंसल के परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित फाउंडर-डे के दूसरे दिन वॉलीवाल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ियों ने अपनी अपनी टीमों के प्रतिनिधित्व में उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के खिताबी मुकाबले कल (आज) होंगे।

शिक्षाविद् सुशील कुमार बंसल के परिनिर्वाण दिवस पर वॉलीबाल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वॉलीबाल प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. ज्योति सिरोही तथा अन्य स्कूल से आए टीम प्रशिक्षकों द्वारा फीता काट कर किया गया। वॉलीबाल प्रतियोगिताओं में जिले के अनेक स्कूलों की टीमों ने प्रतिभाग किया, जिनमें एस.डी. पब्लिक स्कूल, जे.वी. पब्लिक स्कूल, दा एस.डी. पब्लिक स्कूल, डी.एस. पब्लिक स्कूल, श्रीराम पब्लिक स्कूल, मैपल्स ऐके-डमी, गुरूकुल पब्लिक स्कूल तथा स्टेपिंग स्टोन्स स्कूल शामिल हैं।

प्रथम मैच एस.डी. पब्लिक व दा एस.डी. पब्लिक स्कूल के बीच हुआ, जिसमें एस.डी. पब्लिक विजयी रहा। दूसरा मैच जे.वी. पब्लिक व मैपल्स एकेडमी के बीच हुआ, जिसमें जे.वी. पब्लिक स्कूल विजयी रहा। तीसरा मैच एस.डी. पब्लिक तथा डी.एस. पब्लिक के बीच हुआ, जिसमें डी.एस. पब्लिक विजयी रहा। इसके बाद गुरूकुल पब्लिक स्कूल व श्रीराम पब्लिक स्कूल के बीच हुआ, जिसमें गुरूकुल पब्लिक स्कूल विजयी रहा। इसके बाद जी.सी. पब्लिक स्कूल व स्टेपिंग स्टोन्स स्कूल के बीच मैच खेला गया, जिसमें स्टेपिंग स्टोन्स स्कूल विजयी रहा। प्रधानाचार्या डॉ. ज्योति सिराही ने बताया कि आज हुए सभी मुकाबलों में विजेता रही टीमों के खिलाड़ियों एव प्रशिक्षकों को पुरस्कृत किया गया। स्कूल में आयोजित की गई इस इंटर स्कूल वॉलीबाल प्रतियोगिता की खिताबी जंग में सेमीफाइनल व फाइनल मैच चयनित टीमों के बीच गुरूवार 29 दिसम्बर को स्कूल में ही खेले जाएंगे। इसके बाद विजेता और उपविजेता टीमों को ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा।




फोटो बुलेटिन विजेता टीम के लिए ट्राफी और प्रशस्ति पत्र देतीं प्रिंसीपल।




फोटो बुलेटिन मैच शुरू होने से पूर्व खिलाड़ियों का परिचय लेतीं डॉ. ज्योति।

# द एसडी पब्लिक स्कूल में सजी आर्ट ऑफ लिविंग की क्लास

**मुजफ्फरनगर, 28 दिसंबर (बु.)।** द एसडी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आर्ट ऑफ लिविंग कार्यक्रम में सोनिया लूथरा, रामानंद और शैलेंद्र ने कक्षा 9 के विद्यार्थियों को आर्ट ऑफ लिविंग का महत्व समझाया तथा विद्यार्थियों के साथ उनके लक्ष्य की पूर्ति के मार्ग में आने वाली समस्याओं पर भी चर्चा की गई। उन्होंने सभी को भ्रस्तिका तथा मेडिटेशन के लिए प्रेरित किया।

स्कूल में आयोजित किये गये इस कार्यक्रम में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने सभी शिक्षकों को जीवन में आई कठिनाइयों का मेडिटेशन के द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से समाधान निकालने के तरीके बताये। कार्यक्रम के अन्तर्गत अध्यापकों को बताया गया कि वे किस प्रकार मैडिटेशन द्वारा अपनी समस्याओं को दूर कर सकते हैं। उन्हें भी भ्रस्तिका तथा मेडिटेशन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में उन्होंने विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम माहना, कोऑर्डिनेटर ज्योति वर्मा, वैशाली गौड़, नीरज गोयल को धन्यवाद देते हुए सभी के उत्साह की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने सर्वांगीण विकास हेतु विद्याध्ययन के साथ-साथ ध्यान तथा योग क्रिया को भी अपने जीवन में अपनाना चाहिए। विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम माहना ने सभी अतिथियों को धन्यवाद देते हुए भेंट स्वरूप पौधे दिये।



फोटो बुलेटिन द एसडी पब्लिक स्कूल में आयोजित आर्ट ऑफ लिविंग के कार्यक्रम में प्रशिक्षकों के साथ मेडिटेशन में लीन शिक्षक और शिक्षिकाएं तथा विद्यार्थी।

## आईटीआई में शिशिक्षु मेला 31 दिसम्बर को

**मुजफ्फरनगर, 28 दिसंबर (बु.)।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में शिशिक्षु मेला आयोजित किया जा रहा है। इसमें आईटीआई उत्तीर्ण सभी अभ्यर्थियों को प्रतिभागिता का अवसर दिया गया है।

नोडल प्रधानाचार्य वरिष्ठ उप शिशिक्षु परामर्शदाता राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) मुकेश प्रताप सिंह ने बताया कि 31 दिसम्बर 2022 दिन शनिवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के कैम्पस में प्रातः 10:30 बजे से 03:30 बजे तक अप्रैन्टिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में जनपद के प्रतिष्ठित औद्योगिक इकाईयों द्वारा प्रतिभाग किया जाना है। अप्रैन्टिसशिप मेले में आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यार्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। इस अप्रैन्टिसशिप मेले में सम्मिलित होने के लिये अभ्यार्थी को अप्रैन्टिसशिप पंजीकरण, हाईस्कूल अंकतालिका, सनद, आईटीआई अंकतालिका, सनद, आधार कार्ड, पैन कार्ड, मूल निवास एवं जाति प्रमाण पत्र, सभी प्रपत्रों की छाया प्रति साथ लाना अनिवार्य है। जानकारी के लिये अभ्यार्थी, कार्यालय नोडल प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में उपस्थित होकर प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह मेला शिशिक्षुओं के लिए एक बेहतर अवसर के रूप में रहेगा।

# नवांगतुक छात्र-छात्राओं का फ्रेशर पार्टी में स्वागत,फैंटास्टिक परफारमेंस से जीता दिल



**मुजफ्फरनगर, 28 दिसंबर (बु.)।** श्रीराम कॉलेज में बेसिक साइंस विभाग के नवांगतुक छात्र-छात्राओं के स्वागत के लिए एक फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। जिसका शीर्षक 'फैंटास्टिक फ्रेशर्स' रहा। मुख्य अतिथि श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ रहे। कॉलेज के निदेशक डॉ. अशोक कुमार, प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल एवं आईक्यूएसी के समन्वयक डॉ. विनीत कुमार शर्मा उपस्थित रहे।

बेसिक साइंस विभागाध्यक्षा डॉ. पूजा तोमर एवं डॉ. मनोज कुमार मित्तल ने मुख्य अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया। फ्रेशर पार्टी में सोलो डांस, डुएट डांस, ग्रुप डांस गायन, फ्रेशर स्पर्धा आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नवागंतुक छात्र-छात्राओं ने अपना परिचय देते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फ्रेशर स्पर्धा में रैंप वॉक, कप पिरामिड, फ्रीज डांस, डेयर टू टास्क और प्रश्नोत्तरी जैसे लघु स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना की। कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ सोलो डांस में आयुषी, सर्वश्रेष्ठ डुएट डांस में गौरव और सोफिया, सर्वश्रेष्ठ ग्रुप डांस में आतिफ, खुशबू, आयुषी, अनम, आयुष ने बाजी मारी। गायन में मोहम्मद मुस्तफा सर्वश्रेष्ठ रहे। फ्रेशर स्पर्धा में जोनी विश्वकर्मा मिस्टर फ्रेशर और अदीबा मिस फ्रेशर चुने गये। निदेशक डॉ. अशोक कुमार ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। डॉ. पूजा तोमर व डा. मनोज कुमार मित्तल ने सभी विद्यार्थियों को पौधा देकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। निर्णायक मंडल में डॉ. राहुल आर्य एवं डॉ. रीतू पुंडीर रहे। संचालन डॉ. सारिका गोयल, यश, शैली चौधरी, बिट्ठू, और मुस्कान ने किया। ऋषभ भारद्वाज, राजदीप, विवेक, अंजली गोयल, साक्षी त्यागी, सचिन, मनीषा का सहयोग रहा।

## चोरी की बाइक संग चार चोर गिरफ्तार

**शामली, 28 दिसम्बर (बु.)।** शहर कोतवाली पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ चार वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वाहन चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार एसएसपी के निर्देश पर पुलिस वाहन चोरों की धरपकड के लिए अभियान चला रही है। इसी अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान चार वाहन चोरों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से चोरी की एक बाइक भी बरामद की है। पूछताछ में चोरों ने अपने नाम सौरभ पुत्र उदयवीर निवासी काकानगर शामली, हिमांशु शर्मा पुत्र महेश शर्मा निवासी गांव बामनौली थाना आदर्श मंडी, विशाल उर्फ मामू पुत्र रविन्द्र निवासी गांव खेड़ीकरमू व अक्षय पुत्र हरपाल सिंह निवासी गांव दरगाहपुर थाना झिंझाना बताए हैं। कोतवाली प्रभारी नेमचंद सिंह ने बताया कि शहर के धीमानपुरा निवासी मोहित पुत्र लक्ष्मण सिंह ने 25 दिसम्बर को थाना कोतवाली में बाइक चोरी की तहरीर दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बाइक चोरों की तलाश शुरू कर दी थी, इस मामले में पुलिस ने चार वाहन चोरों को गिरफ्तार कर बाइक बरामद कर ली है। उन्होंने बताया कि चारों चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गयी है।

## 20 सोलर पैनल चोरी

**मुजफ्फरनगर, 28 दिसम्बर (बु.)।** सिखेड़ा क्षेत्र में केन्द्र की योजना के तहत लगाये जा रहे सोलर पैनल में से 20 सोलर पैनल अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गये। इस सम्बन्ध में पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है। सिखेड़ा थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में राजस्थान के अलवर निवासी सुन्दर सिंह पुत्र हरिराम ने बताया कि उसकी कम्पनी केन्द्र सरकार की जल जीवन योजना के अंतर्गत गांव खेड़ी विरान में सोलर पैनल लगा रही है। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि अज्ञात बदमाश साईट से 20 सोलर पैनल चोरी कर ले गये। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## शराब बेचते तीन दबोचे

**मुजफ्फरनगर, 28 दिसम्बर (बु.)।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से तीन लोगों को अवैध रूप से शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि सिविल लाईन पुलिस ने केवलपुरी निवासी आबिद पुत्र सईद को 20 पव्वे शराब के साथ गिरफ्तार किया है। तितावी पुलिस ने जलालपुर निवासी प्रेम सिंह को तीस पव्वे अवैध शराब व भमेला निवासी विकास को 35 पव्वे अवैध शराब के साथ गिरफ्तार करके जेल भेजा है।

## युवती का अपहरण

**मुजफ्फरनगर, 28 दिसम्बर (बु.)।** तितावी थाना क्षेत्र के गांव मांडी में एक दलित युवती का अपहरण कर लिया गया। इस सम्बन्ध में दो युवकों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। तितावी थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में मांडी निवासी एक व्यक्ति ने आरोप लगाया कि क्षेत्र के गांव तिरपड़ी निवासी बबलू व उसका भाई उसकी नाबालिग पुत्री का अपहरण कर ले गये हैं।

## ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी

**पुरकाजी, 28 दिसम्बर (बु.)।** खादर तिराहे के निकट पुराने हाइवे पर चौधरी स्पेयर पार्ट्स के सामने रुडकी की ओर से आ रही ट्रैक्टर ट्रॉली डिवाडर में टकरा जाने से पलट गयी, जिसमें कई लोग बाल-बाल बच गये तथा मार्ग अवरुद्ध हो गया। पुलिस मौके पर पहुंची तथा ट्रॉली को सीधा कराकर मार्ग चालू कराया। खादर तिराहा व उसके आस पास जी.टी. रोड पर सबसे अधिक व्यस्तम इलाका है हर समय काफी भीड़ भाड़ रहती है।

# राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर खुफिया विभाग अलर्ट

## कांग्रेसी कार्यकर्ता राहुल गांधी के स्वागत की तैयारियों में जुटे

**कैराना, 28 दिसंबर (बु.)।** आगामी 3 जनवरी से उत्तर प्रदेश में राहुल गांधी की भारत जोड़ो नामक यात्रा प्रवेश करेंगी, जिसको लेकर खुफिया विभाग अलर्ट हो गया है। वहीं कांग्रेसी कार्यकर्ता राहुल के स्वागत की तैयारियों में जुट गए हैं।

आगामी 3 जनवरी 2023 को राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेंगी। 5 जनवरी को राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा लेकर कैराना की सरजमी पर पहुंचेंगे, जहां से वें कैराना स्थित यूपी हरियाणा बॉर्डर से होते हुए हरियाणा राज्य में प्रवेश करेंगे। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर खुफिया विभाग अलर्ट हो गया है। खुफिया विभाग के अधिकारी बड़ोत जनपद की सीमा से शामली यूपी हरियाणा बॉर्डर तक पड़ने वाले सभी गांवों व स्थानों को चिन्हित करने में जुट गए है। बताया गया हैं कि खुफिया विभाग के अधिकारी यात्रा मार्ग पर पड़ने वाले गांवों व अन्य स्थानों की सूची बना रहें हैं, ताकि वहां पर सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से सतर्कता बढ़ती जाएं। गांव पंजीठ निवासी जिला पंचायत सदस्य एवं पूर्व कांग्रेस विधानसभा प्रत्याशी अखलाक चैधरी ने बताया कि भारत जोड़ो यात्रा का लोनी से कैराना तक भव्य स्वागत किया जायेगा। कांग्रेसी नेता आलम चौधरी ने बताया कि 3 जनवरी को लोनी से भारत जोड़ो यात्रा शुरू होंगी। यह यात्रा कांग्रेस की यात्रा नहीं हैं, देश की यात्रा है।

## दो दिन बिजली के बिल नहीं होंगे जमा

**कैराना, 28 दिसम्बर (बु.)।** विद्युत विभाग के एसडीओ ओपी बेदी ने बताया कि गुरूवार से विद्युत विभाग की साइट का सरवर अपडेट कराया जा रहा है, जिस कारण गुरूवार शाम 6 बजे से शुक्रवार रात 9 बजे तक आरएडीआरपी (शहरी) क्षेत्र के बिजली के बिल जमा नही होगें। गुरूवार व शुक्रवार पूरे दिन ग्रामीण क्षेत्रों के बिल भी जमा नहीं होगें। जिनका बिल बकाया पर कनेक्शन विच्छेदित हुआ है, ऐसे उपभोक्ता गुरूवार शाम 6 बजे से पहले ही अपना बिल जमा कराकर अपनी लाइन जुड़वा सकते हैं।

## छात्रों के दो गुटों में मारपीट, एक घायल

**मीरापुर, 28 दिसम्बर (बु.)।** कस्बे के एक इंटर कॉलेज में छात्रों के दो गुटों में मारपीट हो गई, जिसमें एक छात्र घायल हो गया। पुलिस ने दोनों पक्षों के छात्रों को थाने बैठा लिया। संभलहेड़ा निवासी हिमांशु पुत्र रामशरण ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि वह कस्बे के सनातन धर्म इंटर कॉलेज में कक्षा दस का छात्र है। मामले के पीड़ित हिमांशु द्वारा की गई शिकायत में उसका आरोप है कि बुधवार की दोपहर उसकी अपनी कक्षा के ही दूसरे छात्र के साथ मामूली कहासुनी हो गई थी, जिससे नाराज आरोपी छात्र ने फोन करके अपने कई अन्य साथियों को बुला लिया तथा छुट्टी के समय कॉलेज के बाहर हिमांशु के साथ बुरी तरह से मारपीट कर दी। आरोप है कि हिमांशु के बचाव में आए अन्य छात्रों को भी बुरी तरह से पीटा गया। झगड़े की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई तथा दोनों पक्षों के छात्रों को थाने ले आई। पुलिस ने घायल छात्र को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। समाचार लिखे जाने तक कोई कार्यवाही के लिए लिखा पढ़ी नहीं हुई थी।

# दबंगों पर मारपीट करने और छेड़छाड़ किए जाने का आरोप

## विरोध करने पर महिला व पति को पीटा, पीड़िता ने डीएम से लगाई गुहार, कार्यवाही की मांग

**शामली, 28 दिसम्बर (बु.)।** कांधला क्षेत्र के गांव सलफा निवासी एक दलित महिला ने गांव के ही कुछ लोगों पर अश्लील हरकतें करने व विरोध करने पर उसे व उसके पति से मारपीट करने का आरोप लगाते हुए डीएम से कार्रवाई की मांग की है। पीडित का आरोप है कि तहरीर देने के बावजूद भी कांधला पुलिस आरोपितों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कांधला क्षेत्र के गांव सलफा निवासी एक महिला ने डीएम को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि 25 दिसम्बर की दोपहर को गांव के ही दबंगों ने उसके साथ गाली गलौच की तथा विरोध करने पर अश्लील हरकतें करते हुए उसके कपडे भी फाड दिए। शोर शराबा होने पर जब उसका पति धर्मेन्द्र ने इसका विरोध किया तो उक्त लोगों ने उसके साथ भी लाठी डंडों व धारदार हथियारों से मारपीट की। पीड़िता ने दबंगों के खिलाफ कांधला पुलिस को तहरीर दी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। पीड़िता ने डीएम से आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

**मारपीट का आरोपः मीरापुर, 28 दिसम्बर (बु.)।** कस्बे के मोहल्ला कोटला निवासी शौकत पुत्र इस्माइल ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि सैनी भट्ठा तिराहे के निकट उसके मौहल्ले के ही सोनू व फरमान पुत्रगण सुक्का ने उसके साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया, वहीं एक अन्य मामले में जमालपुर बांगर निवासी रोहताश पुत्र रड़वा अपने भाई राजबीर के साथ झगड़ा कर रहा था। राजबीर की शिकायत पर पुलिस ने रोहताश का शांतिभंग में चालान कर दिया।

## मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 28 दिसंबर, (बु.)।** मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव ये रहेः- ढैया-1250, रसकट ढैया-945-970, चाकू 1100-1280, लड्डू 1150-1280, खुरपापाड़ 1135-1151, शक्कर मसाला 1300-1315। आमद-8,000।

## आपका आज का राशिफल

**बृहस्पतिवार, 29 दिसंबर, 2022**

**मेष-** विशेष परिश्रम के बावजूद आंशिक सफलता, वैवाहिक जीवन में मतभेद, सहयोगियों से विवाद की आशंका, नवीन समस्याएँ उत्पन्न, सोचे हुए कार्य अधूरे।

**वृषभ-** स्वास्थ्य सुधार पर, कुछेक समस्याओं का समाधान, नव उत्तरदायित्व का निर्वाह, वाद-विवाद का समापन, पारिवारिक वातावरण मनोनुकूल।

**मिथुन-** कुछेक समस्याएँ सुलझने की ओर, सुसंदेश की प्राप्ति, सामाजिक क्रियाकलापों में रुचि, मनोरंजन की ओर प्रवृत्ति, नूतन पदाधिकार की प्राप्ति।

**कर्क-** समय शुभ,कार्य-व्यवसाय में अनुकूलता, व्यक्तित्व का विकास, भौतिक सुख के साधन सुलभ, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, मेल-मिलाप में रुचि।

**सिंह-** योजना अधूरी, संकल्प-विकल्प से सफलता में शंका, स्पष्टवादिता घातक, अधीनस्थ सहयोगियों से तनाव, विचारों में उग्रता, वाद-विवाद से कष्ट।

**कन्या-** वाक्पटुता से कार्यों में सफलता, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, मनो-विनोद के सुअवसर प्राप्त, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, परोपकार में प्रवृत्ति।

**तुला-** व्यक्तिगत समस्या का समाधान, शिक्षा एवं प्रतियोगिता में सफलता, प्रतिष्ठा में वृद्धि, सामाजिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, शत्रु हानि पहुँचाने में विफल।

**वृश्चिक-** ग्रहयोग बेहतर, मित्रों से अपेक्षित सहयोग, व्यापारिक क्षेत्र में प्रगति, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

**धनु-** प्रतिकूलता से अशांति, स्वास्थ्य में व्यतिग्रम, प्रियजनों से मतभेद, आय में कमी, व्यवहार में जरा सी लापरवाही नुकसानदायक, यात्रा में परेशानी।

**मकर-** स्वास्थ्य सुधार पर, जिम्मेदारियों को निभाने में अधिक व्यय, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, धन संचय में प्रवृत्ति, राजकीय पक्ष से सहयोग, आर्थिक प्रगति।

**कुम्भ-** विविध पक्षों में अनुकूलता, जीवन में उपलब्धि, मनो-विनोद के साधन सुलभ, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, शत्रु परास्त, धर्म में आस्था।

**मीन-** व्यापार में विस्तार, अधिकारियों से सहयोग, आय के स्त्रोत, मित्रों से गलतफहमी दूर होने को, परिश्रम के अनुरूप सफलता, दाम्पत्य जीवन में मधुरता।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

## जानसठ बार एसोसिएशन का चुनाव 3 जनवरी को, प्रत्याशियों ने पर्चे खरीदे



फोटो बुलेटिन चुनावी रण में उतरने को नामांकन पत्र खरीदते अधिवक्ता।

**जानसठ, 28 दिसम्बर (बु.)।** जानसठ बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर मतदान 3 जनवरी को होगा। एल्डर कमेटी के सदस्य अचल कुमार गोयल ने बताया कि बार एसोसिएशन का चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों ने बुधवार को नामांकन पत्र खरीदे। नामांकन पत्र 30 दिसंबर को जमा होंगे। 31 दिसंबर को नामांकन पत्रों का वापस लेने का समय रखा गया है। मतदान 3 जनवरी को होगा। उसी दिन मतगणना कर परिणाम घोषित किया जाएगा।

## लूट के प्रयास के वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**चरथावल, 28 दिसम्बर, (बु.)।** क्षेत्र के ग्राम दहचन्द से पुलिस मारपीट एवं लूट के प्रयास में वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी बताये जा रहे वारंटी को जेल भेज दिया है।

चरथावल इंस्पेक्टर राकेश शर्मा के नेतृत्व में कुटेसरा पुलिस चौकी प्रभारी उप निरीक्षक वरुण कुमार तेवतिया द्वारा लगातार वांछित एवं वारंटी अपराधियों पर कार्यवाही जारी है। चरथावल प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि कुटेसरा चौकी प्रभारी वरुण कुमार तेवतिया ने मारपीट एवं लूट के प्रयास के मामले में आरोपी के वांछित रहने के बाद वारंट होने पर कल्लू उर्फ जितेंद्र पुत्र कृपाराम निवासी दहचन्द थाना चरथावल को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गए वारंटी का चालान करते हुए जेल भेज दिया।

# पालिका रैन बसेरे का एसडीएम ने किया निरीक्षण

## कड़ाके की ठंड में मुसाफिरों और बेसहारा लोगों के लिए कराई व्यवस्था

**कैराना, 28 दिसंबर (बु.)।** कड़ाके की ठंड और शीतलहर के प्रकोप के चलते नगर पालिका प्रशासन की ओर से रैन बसेरा बनवा दिया गया है। नगरपालिका कार्यालय की ऊपरी मंजिल पर बनाए गए रैन बसेरे में मुसाफिरों के साथ ही निराश्रित व्यक्ति विश्राम कर सकेंगे। एसडीएम ने रैन बसेरा और अलाव की व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

हाड़ कंपाने वाली कड़ाके की ठंड और शीतलहर ने जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। जिला अधिकारी जसजीत कौर के निर्देश पर कैराना में नगर पालिका प्रशासन की ओर से नगरपालिका कार्यालय की ऊपरी मंजिल पर रैन बसेरा बनाया गया है, जिसमें लोगों के विश्राम करने के लिए तमाम व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। रैन बसेरे में निराश्रित लोग ही नहीं, बल्कि रात्रि में देरी होने पर मुसाफिर भी विश्राम कर सकेंगे। नगर पालिका अध्यक्ष हाजी अनवर हसन और अधिशासी अधिकारी इंद्रपाल सिंह ने बताया कि रैन बसेरें में विश्राम करने की पूरी व्यवस्था है। निराश्रित लोगों को फुटपाथ अथवा खुले आसमान के नीचे विश्राम करने को मजबूर नहीं होना पड़ेगा। इसके अलावा रात्रि विश्राम के लिए मुसाफिर भी इधर-उधर न भटके, वें सीधे रैन बसेरे में पहुंचकर विश्राम कर सकते हैं। उधर मंगलवार देर रात उपजिलाधिकारी शिव प्रकाश यादव रैन बसेरे के निरीक्षण पर पहुंचे, जहां उन्होंने पालिकाकर्मियों से वार्ता करते हुए सभी व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। एसडीएम ने कहा कि रैन बसेरे में लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा एसडीएम ने बस स्टैंड सहित विभिन्न स्थानों पर पालिका की ओर से कराई गई अलाव की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। एसडीएम ने यहां मौजूद लोगों से वार्ता की और पूछा कि अलाव जलाने के लिए समय से लकड़ी की उपलब्धता होती है या नहीं। उन्होंने नगर पालिका कर्मियों को किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की भी चेतावनी दी है।

## साप्ताहिक बंदी पर दुकानदारों को नोटिस

**कैराना, 28 दिसम्बर (बु.)।** जिला प्रशासन के आदेशों की सख्ती के बावजूद भी साप्ताहिक बंदी के दिन भी दुकानें खोलने पर श्रम विभाग ने 10 दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किए। बुधवार को नगर में साप्ताहिक बंदी घोषित है। इसके बावजूद भी कुछ दुकानदार चोरी छिपे दुकाने खोलकर सामान बेचते हैं। बुधवार को असिस्टेंट लेवर कमिश्नर संतोष अग्रहरि ने अपनी टीम के साथ कस्बे के बाजारों में कार्रवाई की। इस दौरान साप्ताहिक बंदी के बावजूद भी 10 दुकानें खुली मिलने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किए। असिस्टेंट लेवर कमिश्नर संतोष अग्रहरि ने बताया कि दुकानें खुली मिलने पर 10 दुकानदारों का नोटिस जारी किए गये है।

# परिवार नियोजन में अब केमिस्ट निभायेंगे बड़ी भूमिका

## दवा व्यापार एसोसिएशन संग पीएसआई इंडिया ने की कार्यशाला, साधन अपनाने को करेंगे जागरुक

**मुजफ्फरनगर, 28 दिसंबर (बु.)।** नेशनल हेल्थ मिशन के अंतर्गत पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल (पीएसआई) इंडिया की ओर से बुधवार को दवा व्यापार एसोसिएशन के साथ परिवार नियोजन को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता औषधि निरीक्षक पवन शाक्य ने की और सीएमओ डा. महावीर सिंह फौजदार मुख्य अतिथि रहे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. महावीर सिंह फौजदार ने कहा कि परिवार कल्याण कार्यक्रम को जन समुदाय तक पहुंचने में केमिस्ट का योगदान अति आवश्यक है। उन्होंने केमिस्टों से अपील की कि वह परिवार नियोजन कार्यक्रम में योगदान दें। औषधि निरीक्षक पवन शाक्य ने भी केमिस्टों से कहा कि वह इस कार्यक्रम में सहयोग करें। पॉपुलेशन सर्विस इंटरनेशल इंडिया (पीएसआई) की प्रोग्राम मैनेजर कोमल ने कहा कि परिवार नियोजन अभियान में केमिस्ट की सहभागिता महत्वपूर्ण है। उपभोक्ता का सीधा जुड़ाव केमिस्ट से है, जहाँ से वह परिवार नियोजन से सम्बंधित सामग्री की खरीद करता है। दवा विक्रेता ग्राहकों को परिवार नियोजन के लिए जागरूक करें। पीएसआई इंडिया के जिला कोऑर्डिनेटर शोभित ने बताया देश में परिवार नियोजन के मामले में अभी भी 40 प्रतिशत लोगों का डाटा उपलब्ध नहीं है। परिवार नियोजन के लिए लोग कौन सा साधन ज्यादा इस्तेमाल करते हैं, इसकी भी पूरी जानकारी नहीं मिल पाती है। दवा व्यापार एसोसिएशन के अध्यक्ष रविंद्र निर्वाल ने आश्वासन दिया कि केमिस्ट का सहयोग मिलेगा। डिस्ट्रिक्ट अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेटर कमल ने बताया कि शहर में चार स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रत्येक बृहस्पतिवार को परिवार नियोजन शिविर का आयोजन होता है। कार्यशाला में दवा एसोसिएशन से जुड़े अनिल सिंघल, संजीव वर्मा, ओमदत्त आर्य, अक्षय मित्तल ने विचार रखें। संचालन राजेश जुनेजा ने किया। कार्यक्रम में मनीष गोयल, आशीष बिंदल, अमित कुमार, तरुण शिवाच, अमित चौधरी, अमित वत्स, सुनील चौधरी, शहजाद अली, राहुल गोयल, राज कुमार गुप्ता, मुकेश सिंघल, संजीव गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, मीरापुर से अंकित गुप्ता एवं नीरज गुप्ता, राहुल उतरेजा केमिस्ट मौजूद रहे।



फोटो बुलेटिन कार्यशाला में उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के अफसर व केमिस्ट।

## बिना चिकित्सीय परामर्श एमटीपी किट का इस्तेमाल घातक

**मुजफ्फरनगर।** दवा व्यापार एसोसिएशन के आह्वान पर नेशनल हेल्थ मिशन के अंतर्गत बुधवार को शहर में आयोजित की गई पीएसआई कार्यशाला में पॉपुलेशन सर्विस इंटरनेशल इंडिया की मंडल कोआर्डिनेटर कोमल ने कहा कि किसी भी चिकित्सीय परामर्श के बिना अपानी मनमर्जी से एमटीपी किट का प्रयोग बेहद घातक और जानलेवा हो सकता है। उन्होंने लोगों को चिकित्सीय परामर्श के बाद ही एमटीपी किट का प्रयोग करने की सलाह और जागरुक करने में केमिस्टों से सहयोग मांगते हुए कहा कि कोशिश करें कि चिकित्सक के पर्चे पर ही किट की बिक्री करने पर जोर दिया।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
उप सम्पादक - श्रीमती पूजा दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2022

सम्पादक की क़लम से

## महिलाओं के प्रति सम्मान

महिलाओं के प्रति सम्मान, सभ्य समाज की पहचान है, किन्तु वास्तव में ऐसा नहीं है। आज बहुत पीड़ा होती है महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों के समाचारों को पढ़कर, देखकर, सुनकर। कोई महिला अपराधी के चंगुल में फंसकर आत्महत्या के लिए विवश हो जाती है, तो किसी महिला की हत्या करके उसके शव के टुकड़े-टुकड़े कर दिए जाते हैं। इस तरह की खबरें जहन को बेचैन कर देती हैं। शिक्षा व्यक्ति को सभ्य बनाती है, तालीम आदमी को इन्सान बनाती है। लेकिन खबरें कुछ और ही कह रही हैं। आज महिलाओं पर कसी जाने वाली फब्तियां, महिलाओं के प्रति हिंसा, महिलाओं के प्रति असम्मान का भाव, यही सब दिखता है, यह सब सभ्य समाज में नहीं होना चाहिए, लेकिन रोज मिल रही खबरों से पता चलता है कि महिलाओं के प्रति समाज को जो सजगता दिखानी चाहिए, वो नहीं है। राजनीति हो या सिनेमा, शिक्षा हो या व्यवसाय, सरकारी कार्यालय हो या निजी, हर स्थान से महिलाओं के प्रति दुर्व्यवहार के समाचार प्रतिदिन मिलते ही रहते हैं। बुद्धिजीवी वर्ग मानता है कि महिलाओं के प्रति दुर्व्यवहार तथा उनके प्रति हो रहे अपराधों के प्रति समाज को संवेदनशील बनाना पड़ेगा। सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों का कहना है कि कानून तोड़ने वालों पर समान दंड होना चाहिए और महिला सम्बंधी अपराधों में जीरो टॉलरेंस की कार्रवाई होना चाहिए। यह भी चिंतन करने योग्य है कि हमें बच्चों पर विशेष ध्यान देने आवश्यकता है, क्योंकि संयुक्त परिवार का विघटन महिला संबंधी अपराधों में वृद्धि का प्रमुख कारण बनता दिख रहा है। वर्तमान में एकल परिवार में समय अभाव के कारण बच्चों द्वारा मोबाइल, टीवी, इंटरनेट आदि पर ज्यादा समय बिताया जाता है। जिसके चुनौतीपूर्ण परिणाम प्रदर्शित हो रहे हैं। पुलिस को भी बहुत अधिक संवेदनशील होकर कार्य करना होगा और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए महिलाओं को अधिक से अधिक शिक्षा के क्षेत्र से जोड़ना होगा। महिलाओं के प्रति असम्मान को देखते हुए समाजवादी पार्टी की नेता ऋचा सिंह ने आपत्ति जताई है। यह आपत्ति उन्हें अपनी ही पार्टी समाजवादी पार्टी के मिडिया सेल से है। पिछले कई दिनों से समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल के ट्विटर अकाउंट से आपत्तिजनक ट्वीट किये जा रहे हैं। भाजपा नेताओं, प्रवक्ताओं सहित कई पत्रकारों के लिए इस अकाउंट से आपत्तिजनक भाषा में ट्वीट किए गए हैं। एक तरफ जहां सपा के सभी नेता इन ट्वीटस पर चुप्पी साधे हुए हैं और इसे एक तरह से जायज ठहरा रहे हैं, तो वहीं समाजवादी पार्टी की महिला प्रवक्ता ने अब ऐसे ट्वीट के खिलाफ आवाज उठाई है आवाज उठाने पर पार्टी ही के नेताओं ने उन्हें घेरना शुरू कर दिया है। सपा मीडिया सेल की तरफ से ट्वीट किया गया, सपा कार्यकर्ता और नेतागण भाजपाई लंका द्वारा भेजी गई शूर्पनखाओं और पूतनाओं के ट्वीट्स, उकसाने का संज्ञान न लें। ये शूर्पनखाएं, पूतनायें अपनी नाक सपा के लक्ष्मणों से कटवाकर विक्टिम कार्ड खेलकर रावण युद्ध का प्रयास कर रही हैं। इन्हें इनका व्यर्थ प्रयास करने दें, इनकी लंका खुद जलेगी"। इस पर सपा प्रवक्ता और इलाहाबाद पश्चिम सीट से विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रह चुकीं ऋचा सिंह ने ट्वीट किया, किसी भी महिला को शूर्पनखा या पूतना संबोधित किया जाना बेहद निंदनीय है, वह किसी भी पार्टी या विचारधारा की हो। इस तरह के शब्दों का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और डिंपल यादव को इसका संज्ञान लेना चाहिए। इस पर सपा के तमाम नेता ऋचा सिंह ही को घेरने लगे। सपा नेता जीतेन्द्र वर्मा ने ऋचा के ट्वीट पर लिखा कि बीजेपी की महिला नेत्रियां दिन रात सोशल मीडिया पर माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी व माननीय डिम्पल भाभी जी के लिए अपशब्दों का प्रयोग करती है, तब आपको उन बीजेपी की महिला नेत्रियों को आवश्यक राय देनी चाहिए थी। वहीं आईपी सिंह ने लिखा कि सवाल तो बीजेपी से पूछने के बजाय सवाल आप खुद सपा से पूछ रही हैं। सुचिता तार-तार करने वाली भाजपा और भाजपा के लोग हैं, किसी को 50 करोड़ की गर्लफ्रेंड तो किसी को पप्पू तो किसी को टोंटी चोर जैसी असभ्य भाषा बीजेपी के बड़े-बड़े नेता बोलते हैं। आईपी सिंह के ट्वीट पर ऋचा सिंह ने जवाब देते हुए लिखा कि आंख के बदले में अगर आंख का हिसाब होगा, तो पूरा जगत अंधा हो जाएगा। एक यूजर ने लिखा कि राजनीति में एक दूसरे का विरोध जमकर होना ही चाहिए, लेकिन अभद्र, अमर्यादित टिप्पणी किसी की भी स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए। भाजपा नेता मनीष शुक्ला ने ऋचा सिंह के ट्वीट पर लिखा कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय से यही उम्मीद है। एक यूजर ने लिखा कि बहुत सही, महिला को शूर्पनखा और पूतना से संबोधित नहीं करना चाहिए, पुरूष की भी रावण, कंस से तुलना नहीं होनी चाहिए। पिछले काफी दिनों से सपा के ट्विटर हैंडल से किये जा रहे ट्वीट को लेकर विवाद खड़ा हो चुका है। एफआईआर भी दर्ज हो चुकी है। हालांकि न तो सपा के नेताओं की तरफ से इसे गलत बताया गया और न ही इस पर अभी तक रोक लगी है। मीडिया सेल सपा हैंडल से भाजपा के प्रवक्ताओं और विरोध करने वाले पत्रकारों को निशाना बनाया गया है। सपा के कुछ नेताओं का कहना है कि मुलायम सिंह यादव, अखिलेश यादव और डिंपल यादव के लिए आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करने वालों को अभी उन्हीं की भाषा में जवाब दिया जा रहा है तो दिक्कत क्या है? फिर भी ऋचा सिंह के ट्वीट को सपा नेताओं के अलावा बहुत से लोगों का समर्थन मिल रहा है। ऋचा सिंह की चिन्ता न्यायसंगत है। यही मनुस्मृति के एक श्लोक का मूल भाव है। मनुस्मृति का प्रसिद्ध श्लोक है-

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:,
यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफला: क्रिया:।

इसका अर्थ है, जहां स्त्रीजाति का आदर-सम्मान होता है, उनकी आवश्यकताओं, अपेक्षाओं की पूर्ति होती है, उस स्थान, समाज, तथा परिवार पर देवतागण प्रसन्न रहते हैं। जहां ऐसा नहीं होता और उनके प्रति तिरस्कारमय व्यवहार किया जाता है, वहां देवकृपा नहीं रहती है और वहां संपन्न किये गये कार्य सफल नहीं होते हैं।

### चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"चमचागिरी" "नेता" "शौक" "दाता"

चमचागिरी ने चमचों को अंधा बना दिया,
चमचों ने अपने नेता को ऊँचा बना दिया।
चमचा गिरी के शौक में आगे निकल गए,
चमचों ने अपने नेता को दाता बना दिया।

# सोरम की चौपाल पहुंचे डॉ. संजीव बालियान व उमेश मलिक

-एक जनवरी से शुरू होगा जीर्णोद्धार
-एक करोड़ रुपए की लागत आएगी
-कार्यालय के साथ लाइब्रेरी भी बनेगी

शाहपुर, 28 दिसंबर (बु.)। केंद्रीय राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान व पूर्व विधायक उमेश मलिक डूडा के अधिकारियों के साथ बुधवार की दोपहर क्षेत्र के गांव सोरम स्थित ऐतिहासिक चौपाल पर पहुंचे, जहां उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों व अधिकारियों से ऐतिहासिक चौपाल के जीर्णोद्धार के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि ऐतिहासिक चौपाल से सर्व समाज के साथ-साथ उनकी भी भावनाएं जुड़ी हैं। उन्होंने बताया कि एक करोड़ रुपए की लागत से ऐतिहासिक चौपाल का जीर्णोद्धार कराया जाएगा, जिसका टेंडर हो चुका है। जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ डूडा के अधिकारियों की देखरेख में एक जनवरी से शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि ऐतिहासिक चौपाल पर एक कार्यालय के अलावा लाइब्रेरी का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा ऐतिहासिक चौपाल पर स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था कराने के साथ लोगों के बैठने की व्यवस्था की जाएगी। पूर्व विधायक उमेश मलिक ने बताया कि ऐतिहासिक चौपाल का जीर्णोद्धार होने से इसकी भव्यता बढ़ेगी। केंद्रीय राज्यमंत्री द्वारा ऐतिहासिक चौपाल का जीर्णोद्धार कार्य कराए जाने से ग्रामीणों ने उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान डूडा के पीओ सतीश गौतम व जेई संजीव मलिक के अलावा जिला पंचायत सदस्य विजय चौधरी, ग्राम प्रधान करणवीर सिंह, पूर्व प्रधान शिवचरण चौधरी, सुधीर चौधरी, शाहपुर चेयरमैन प्रमेश सैनी, गोयला के प्रधान धर्मपाल सिंह, मास्टर रामपाल सिंह, विक्रम सिंह बालियान, विपिन बालियान, चौधरी सुरेंद्र सिंह, मनीष बालियान, कपिल बालियान, विशु बालियान, राजेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार, देशपाल सिंह, रजनीश व ब्रह्मपाल सिंह आदि ग्रामीण मौजूद रहे ।



फोटो बुलेटिन

सोरम की ऐतिहासिक चौपाल पर लोगों के साथ वार्ता करते सांसद संजीव बालियान व अन्य।

# अब श्री सम्मेद शिखर जी की पवित्रता को लेकर सामने आई क्रांति सेना

-कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

मुजफ्फरनगर, 28 दिसम्बर (बु.)। श्री सम्मेद शिखरजी को पर्यटन स्थल घोषित किये जाने के विरोध में बुधवार को क्रांति सेना के कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया और जिला प्रशासन के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में जैन समाज के इस पवित्र तीर्थ स्थल श्री सम्मेद शिखर जी को धार्मिक स्थल बने रहने की मांग की। जैन समाज के पक्ष में उतरे क्रांति सेना कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि यदि जैन समाज की धार्मिक भावनाओं के साथ किसी तरह का खिलवाड़ किया तो इस मुद्दे पर क्रांति सेना बड़े आंदोलन से पीछे नहीं हटेगी। केन्द्र व झारखंड सरकार द्वारा श्री सम्मेद शिखर जी को पर्यटक स्थल घोषित किये जाने के बीच शनिवार को सड़कों पर उतरे क्रांति सेना के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री भारत सरकार के नाम एक ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट अनूप कुमार को सौंपा। जैन समाज के पवित्र तीर्थ स्थल श्री सम्मेद शिखर जी को पर्यटन स्थल घोषित किए जाने के विरोध में जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचे क्रान्ति सेना के कार्यकर्ता सहारनपुर मंडल अध्यक्ष अमित अग्रवाल, जिलाध्यक्ष आनन्द प्रकाश गोयल, महानगर अध्यक्ष शरद कपूर, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष पूनम चौधरी के नेतृत्व मे प्रकाश मार्किट स्थित कार्यालय से एकत्र होकर जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचे और वहां जमकर प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों से सम्बंधित एक ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट अनूप कुमार को सौंपा। इस अवसर पर सहारनपुर मंडल अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने कहा कि केन्द्र व झारखंड सरकार ने जैन समाज के पवित्र तीर्थ स्थल को पर्यटक स्थल घोषित करना जैन समाज की धार्मिक भावनाओं को आहत करना है। क्रान्ति सेना जैन समाज के संघर्ष में उनके साथ खड़ी है। इस दौरान जिलाध्यक्ष आनन्द प्रकाश गोयल, महानगर अध्यक्ष शरद कपूर ने कहा कि पारसनाथ पर्वत राज और मधुबन को मांस, मदिरा बिक्री से मुक्त कर पवित्र जैन तीर्थ स्थल घोषित किए जाने और पर्वत राज से पेड़ों का अवैध कटान पत्थरों का अवैध खनन और महुआ के लिए आग लगाना प्रतिबंध हो, अन्यथा क्रांति सेना भी जैन समाज के इस आन्दोलन में अपनी भूमिका अदा करेगी।

इस बीच महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पूनम चौधरी एवं महानगर अध्यक्ष नेहा गोयल ने कहा क्रान्ति सेना महिला मोर्चा भी जैन समाज के साथ है। जैन समाज के धार्मिक स्थलों पर कोई आंच आने नहीं दी जायेगी। इस दौरान मुख्य रूप से अंजू त्यागी, अनीता चौधरी, नेहा गोयल, सुरेश बारी, आलोक अग्रवाल, ललित रूहेला, चौधरी ब्रह्मपाल, उज्जवल पंडित, भुवन मिश्रा, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, दीपक धीमान, हर्ष गुप्ता, प्रदीप जैन, अमित शर्मा बोबी, शिवम शर्मा, सुनील सैनी, विकास चौहान, राकेश काला, सचिन धीमान, प्रियाशु धीमान, विपुल गुप्ता, शुभम गुप्ता, अंशुल गर्ग, रोहन धीमान, रोहित धीमान, हर्षित धीमान, मोनू सैनी, किशन, भोलाराम, मुलेराज, सचिन आदि सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# किसानों को मिले फसल का वाजिब दाम तय करने का हक: भानु प्रताप



मुजफ्फरनगर, 28 दिसम्बर (बु.)। भारतीय किसान यूनियन भानु के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट में भाकियू नेता राकेश टिकैत पर हमला बोलते हुए उसे दिल्ली के लाल किले पर आंदोलन के दौरान उन्होंने किसानों का मार्च कराया था, जिसमें पुलिसकर्मी भी हताहत हुए थे। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी भी किसानों के ही लाल हैं। उन्होंने दावा किया कि अगर चौधरी टिकैत लखनऊ में ऐसे आंदोलन का ऐलान करें तो उनके बुलावे पर कोई एकत्र नहीं होगा। भाकियू नेता ने किसानों की फसलों का वाजिब दाम मिले इसके लिए आयोग का गठन किया जाना चाहिए। शनिवार को भानु प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट पहुंच डीएम चन्द्र भूषण सिंह से मुलाकात की और मुजफ्फरनगर निवासी रूपचंद्र की वन विभाग द्वारा कब्जाई गई जमीन को कब्जामुक्त कराने की मांग की।

किसान नेता भानु प्रताप सिंह ने बताया कि रुपचंद्र काफी बुजुर्ग हैं और उनके पास जमीन के सभी कागजात भी है। भाकियू नेता ने बताया कि जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही इस मामले में कार्रवाई करते हुए पीड़ित को न्याय दिलाए जाने की कार्रवाई होगी। भाकियू भानु गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने कहा है कि जब से देश आजाद हुआ, तब से आजादी का लाभ केवल राजनेताओं और उद्योगपतियों को मिला है। उन्होंने कहा कि किसान आयोग का गठन होना चाहिए, ताकि किसान अपनी फसलों का मूल्य तय कर सकें। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि किसान अगर किसी दुर्घटना में मरता है, तो मृतक को सरकार की ओर से 1 करोड़ रुपये दिए जाए। उन्होंने मांग की कि इसी तरह पुलिस के मरने पर 2 करोड़ रुपए, मीडियाकर्मी की मौत पर 4 करोड़ रुपए और सेना के जवान के शहीद होने पर 5 करोड़ रुपये दिए जाएं, ताकि मृतक परिवार का पालन पोषण आसानी से हो सके और उसके बच्चों को अच्छा जीवन यापन करने के लिए भी सहायता मिल सके।

# आशादीप धर्मार्थ सेवा समिति ने वितरित किए गर्म कपड़े

-वास्तव में नर सेवा ही नारायण सेवा : अग्रवाल

मुजफ्फरनगर, 28 दिसम्बर (बु.)। आशादीप धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा संचालित आशादीप बाल प्रशिक्षण संस्थान विष्णु विहार जानसठ रोड में संस्थान में कार्यरत कर्मचारी एवं दिव्यांग बच्चों को ठंड से सुरक्षा की दृष्टि से संस्थान के उप मंत्री इंजी. जयलाल शर्मा के सौजन्य से गर्म वस्त्रों तथा पाठ्य सामग्री भेंट की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने बच्चों के साथ वहां पर कार्यरत कर्मचारियों को गर्म कपड़े व अन्य पाठ्य सामग्री वितरित की। मुख्य अतिथि ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि वास्तव में नर सेवा ही नारायण सेवा है जिसमें जरुरतमंदों की मदद किए जाने के साथ ही आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में गांधी विचारक होती लाल शर्मा, प्रान्तीय अध्यक्ष आचार्य कुल, इंजीनियर अशोक अग्रवाल कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम अध्यक्षता वेद प्रकाश सिंहल ने की। इस दौरान कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व चेयरमैन अंजू अग्रवाल द्वारा प्रधानाचार्य ब्रज मोहन शर्मा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी कर्मचारियों को गर्म वस्त्रों की भेंट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से इंजी. लोकेश चन्द्रा, इंजी. आरके अग्रवाल, श्यामलाल बंसल, इंजी. जयलाल शर्मा, इंजी. यूसी वर्मा, इंजी. बीआर शर्मा, इंजी. एनके गुप्ता, अनुज कुमार, इंजी. केके शर्मा, अलका सैनी आदि उपस्थित रहे।



# गोल्ड लोन के ब्याज में छूट दिलाने के नाम पर हजारों की ठगी

भोपा, 28 दिसंबर (बु.)। भोपा थानाक्षेत्र के भोकरहेड़ी निवासी एक युवक से अज्ञात युवक ने गोल्ड लोन पर छूट दिलाने के नाम पर हजारों रुपये फोन पे पर डलवाकर ठगी की घटना को अंजाम दे दिया। पीड़ित युवक जब बैंक में पहुंचा तो उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चला उसने पुलिस को मामले की सूचना देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। भोपा थाना क्षेत्र के भोकरहेड़ी निवासी सरफराज ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसने एचडीएफसी बैंक मुजफ्फरनगर से गोल्ड लोन ले रखा हैं। बीते रविवार को उसके पास एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन किया और अपना नाम सुधीर यादव बताया। पीड़ित ने बताया कि उसने उसे एचडीएफसी बैंक मुम्बई की शाखा से बताते हुए कहा कि आपने हमारी शाखा से गोल्ड लोन ले रखा है, जिसका ब्याज ज्यादा हो गया है अज्ञात व्यक्ति ने उसे पैसा जमा कराने के लिए जनवरी तक का समय दिलाने का झांसा दिया और 6200 रुपये जमा करने के लिए बोला। पीड़ित ने बताया कि उसके पास गोल्ड लोन संबंधी जानकारी देख उसे उसके बैंक से ही बोलने का विश्वास हो गया, जिस पर उसने अपने गांव के ही एक व्यक्ति के फोन पर से उक्त व्यक्ति के ऑन पेपर धनराशि भिजवा दी अगले दिन जब वह मुजफ्फरनगर बैंक की शाखा में पहुंचा और उनके बारे में जानकारी की तो शाखा में इस तरह का फोन करने से मना कर दिया गया, तब जाकर उसे अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ उसने थाने पहुंचकर तहरीर देते हुए कार्यवाही की गुहार लगाई है पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

**बेदखली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र अंकित कुमार व पुत्रवधु प्रियंका मेरे कहने-सुनने में नहीं है और मेरा पुत्र अंकित कुमार गलत संगत में उठने-बैठने लगा है। इसलिए मैंने अपने पुत्र अंकित कुमार व पुत्रवधु प्रियंका को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। यदि मेरा पुत्र अंकित कुमार व पुत्रवधु प्रियंका कोई गलत कार्य या किसी प्रकार का कोई लेनदेन करते हैं, तो उसके वे स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। आज से मेरा व मेरे परिवार का अंकित कुमार व पुत्रवधु प्रियंका से कोई मतलब वास्ता किसी प्रकार का नहीं होगा।

**सत्य कुमार**
**पुत्र स्व. मकारू**
निवासी : ग्राम महाबलीपुर,
थाना चरथावल,
जिला मुजफ्फरनगर

**DR. MADHU SINGHAL MEMORIAL CANCER CENTER**
Meerut Road, Opp. Company Bagh, Muzaffarnagar-251001

कैंसर के मरीजों के लिए क्लीनिक पर दिनांक 30 दिसम्बर 2022 को नि:शुल्क आयोजन किया जायेगा, जिसका संचालन **डॉ. मनोज गुप्ता** (प्रो. एवं एच.ओ. डी. रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, एम्स ऋषिकेश) करेंगे।
उपचार और सलाह लेने के लिए यह एक शानदार अवसर है-
दिनांक - 30.12.2022 (शुक्रवार)
समय - पूर्वाह्न 10 से दोपहर 1 बजे तक
स्थान - सिंघल नर्सिंग होम, मेरठ रोड, कम्पनी गार्डन के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.)

कृपया 0131-2433104, +91-9837082912 पर सम्पर्क करें और सुविधा का पूरा लाभ उठाने के लिए अपने सभी रिकॉर्ड अपने साथ लायें। आपके सभी प्रश्नों का उत्तर दिया जायेगा।

# जैन समाज दुकान बंद कर कल देगा एसडीएम को ज्ञापन

खतौली, 28 दिसम्बर, (बु.)। जैन तीर्थ क्षेत्र सम्मेद शिखर को पर्यटन क्षेत्र बनाये जाने के विरोध में सकल जैन समाज द्वारा आहूत आम सभा में आगामी 30 दिसम्बर को दोपहर तक जैन समाज द्वारा अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर अपनी मांग के सम्बन्ध में ज्ञापन देने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। मिली जानकारी के अनुसार जैन तीर्थ क्षेत्र सम्मेद शिखर को सरकार द्वारा पर्यटन क्षेत्र बनाने के विरोध में बीती रात सकल जैन की एक आमसभा आयोजित हुई। सभा में वक्ताओं द्वारा केन्द्र व झारखण्ड प्रदेश सरकार द्वारा तीर्थ क्षेत्र को पर्यटन स्थल बनाये जाने पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार जैन समाज की धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ करने का घर्णित कार्य कर रही है, जिसे जैन समाज किसी भी रूप में बर्दास्त नहीं करेगा। वक्ताओं ने कहा कि जैन समाज अहिंसा में विश्वास रखता है सरकार के इस घर्णित कार्य का भी अहिंसक रूप से हर स्तर पर विरोध करेगा तथा आखरी दम तक इस लड़ाई के लिए संघर्ष करेगा। सभा में सरकार के उक्त निर्णय से जैन समाज में उबल रहे आक्रोष से पीड़ित कई वक्ता जैन बन्धुओं द्वारा जहां भाजपा सरकार द्वारा जैन समाज द्वारा लगातार विरोध करने के पश्चात भी मौन बनकर जैन समाज की धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया गया।

वहीं सभा में जैन समाज के एक वक्ता द्वारा आगामी चुनावों में जैन समाज द्वारा भाजपा का खुला विरोध करने की चेतावनी देते हुए जैन बंधुओं से चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों का बहिष्कार करने का आह्वान किया, तो सभा में मौजूद आगामी नगर पालिका परिषद के चुनाव में भाजपा के भावी प्रत्याशियों व उनके समर्थकों के चेहरों पर चिंता की झलक दिखाई पड़ी। सभा के अंत में सरकार को सचेत करने हेतु आगामी 30 दिसम्बर को प्रातःकाल से दोपहर एक बजे तक सकल जैन समाज द्वारा अपने प्रतिष्ठान पूर्ण रूप से बंद रखते हुए सामूहिक रूप से केन्द्र सरकार को सम्बोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को दिये जाने की घोषणा की गयी, जिसको लेकर बुधवार को भी जैन समाज बंधु आंदोलन को सफल बनाने में जुटे रहे।



# अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन ने किया बार अध्यक्ष व महासचिव का सम्मान

मुजफ्फरनगर, 28 दिसंबर (बु.)। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन इकाई मुजफ्फरनगर द्वारा आज जिला बार संघ अध्यक्ष व महासचिव का भारी बहुमत से विजयी होने पर अभिनंदन किया गया। इसका संचालन शिशुकांत गर्ग एडवोकेट महासचिव के द्वारा किया गया। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष राहुल गोयल(भाजपा नेता) के नेतृत्व में संस्था के एक प्रतिनिधिमंडल ने अनिल जिंदल एडवोकेट के निवास स्थान पर पहुंचा और जिला बार संघ के चुनाव में भारी बहुमत से विजयी होने पर अनिल जिंदल एवं महासचिव पद पर विजयी जितेंद्र सिंह को पटका पहनाकर व राम दरबार भेंट करके सम्मान व अभिनंदन किया गया। अध्यक्ष अनिल जिंदल एडवोकेट ने कहा यह मेरे लिए बहुत गर्व की बात है कि मेरे समाज ने आकर मुझे सम्मान प्रदान किया। मैं आपका आभारी रहूंगा। महासचिव जितेंद्र सिंह ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष राहुल गोयल व उनके सभी साथियों का दिल से आभार करता हूं कि मुझे वैश्य समाज की तरफ से इतना बड़ा सम्मान प्राप्त हुआ है मैं सदैव आपका ऋणी रहूंगा। कार्यक्रम में पवन बंसल संगठन मंत्री, अनिल तायल नगर अध्यक्ष, रजत गोयल युवा अध्यक्ष ने भी सम्मान में अपने विचार रखे। सम्मान कार्यक्रम में राजेंद्र सिंघल अध्यापक,श्रवण गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अश्वनी सिंगल, प्रमोद गुप्ता, नवीन ठेकेदार, हिमांशु गर्ग, दीपक राजवंशी, राजीव सर्राफ, मिंटू गुप्ता, हरिनारायण महेश्वरी, अमित जैन आदि मौजूद रहे।

# पीडब्ल्यूडी विभाग की कब्जाई गई भूमि से अवैध कब्जा हटवाने पहुंची प्रशासनिक टीम



चरथावल, 28 दिसम्बर, (बु.)। ग्राम बिरालसी स्थित पीडब्ल्यूडी विभाग की कई बीघा भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु नायब तहसीलदार हरेंद्र पाल व चरथावल प्रभारी निरीक्षक राकेश शर्मा भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे, जहां उन्होंने मकान मालिकों को जल्द मकान खाली करने की चेतावनी दी। इसके अलावा पुलिस प्रशासन ने ग्राम रोनी हरजीपुर में आरसीसी सेंटर के निर्माण हेतु तालाब एवं खाद के गड्ढों पर नापतोल को बुधवार को नायब तहसीलदार चरथावल हरेंद्र पाल सिंह राजस्व विभाग की टीम एवं प्रभारी निरीक्षक राकेश शर्मा व भारी पुलिस फोर्स के साथ चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम बिरालसी में पीडब्ल्यूडी विभाग की 4 बीघा भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने पहुंचे। इस दौरान टीम ने मकान मालिकों को चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द से जल्द इस भूमि के वैध कागजात दिखाएं, अन्यथा अपने रहने की व्यवस्था कहीं और करें। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि वह इस भूमि पर काफी लंबे समय से रहते आ रहे हैं और प्रशासन को कई बार कागजात दिखा चुके हैं, परंतु आज तक भी इस भूमि पर रहने वाले ग्रामीणों को मालिकाना हक नहीं मिला है। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा कई बार ग्रामीणों को नोटिस भी भेजे जा चुके हैं। इस दौरान टीम मकान मालिकों को चेतावनी देकर लौट गई। इसके बाद पुलिस प्रशासन ने ग्राम रोनी हरजीपुर में आरसीसी सेंटर के निर्माण हेतु तालाब एवं खाद के गड्ढों पर नापतोल की। इस अवसर पर टीम में नायब तहसीलदार चरथावल एवं प्रभारी निरीक्षक के अलावा राजस्व विभाग की टीम एवं पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

# "संकल्प वेलफेयर ट्रस्ट" द्वारा "संकल्प ज्ञान समागम कार्यक्रम" का हुआ आयोजन

मुजफ्फरनगर, 28 दिसम्बर (बु.)। संकल्प वेलफेयर ट्रस्ट रजिस्टर्ड द्वारा गुरु गोविंद सिंह जयंती के उपलक्ष में आज प्रात: 10:00 बजे होली चाइल्ड पब्लिक इंटर कॉलेज, जड़ौदा, में "संकल्प ज्ञान समागम" का प्रेरणादाई कार्यक्रम का सफल आयोजन ट्रस्ट के अध्यक्ष सतेन्द्र सैनी, सचिव संजय गौतम, कोषाध्यक्ष प्रवीण शर्मा, कार्यक्रम प्रभारी संदीप शर्मा द्वारा प्रवेंद्र दहिया, प्रबंधक होली चाइल्ड इंटर कॉलेज, जड़ौदा मुजफ्फरनगर के सक्रिय एवं रचनात्मक सहयोग से सुसज्जित सभाकक्ष में छात्र-छात्राओं के अनुशासित सहभागिता के साथ उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्ष अशोक वर्मा सेवानिवृत्त व्यायाम शिक्षक राजकीय इंटर कॉलेज, मुख्य वक्ता पूर्व नगर अध्यक्ष डॉ. सुभाष चंद्र वर्मा तथा लोकप्रिय गायक सतपाल जी आकर्षक प्रस्तुतियों के साथ भावी पीढ़ी को राष्ट्रप्रेम के साथ सेवा त्याग और पर्यावरण संरक्षण के अनुकरणीय और प्रेरणादायक अभिव्यक्तियों द्वारा हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों तथा महापुरुषों के विषय में व्यापक जानकारी के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण हेतु जन्मदिन विवाह दिवस और पुण्यतिथि पर श्रद्धा, उत्साह के साथ वृक्षारोपण का संकल्प दिलाया गया। गुरु गोविंद सिंह के सुपुत्र जोरावर सिंह, फतेह सिंह के धर्म परायण इतिहास को श्रद्धा आस्था के साथ याद करते हुए वीर बाल दिवस के सापेक्ष आज के बालकों को इस अप्रितम बलिदान से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को राष्ट्रहित जनहित में यथासंभव समर्पण की भावना से महापुरुषों की जीवनी शहीदों की जीवनी पढ़कर अपने जीवन को स्वस्थ सुव्यवस्थित एवं सार्थक बनाने की प्रेरणा दी गई। संकल्प वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा भविष्य में छात्र-छात्राओं के कल्याण नार्थ अनेक कार्यक्रमों की श्रंखला प्रस्तावित है तथा अभावग्रस्त बच्चों के हितार्थ हम सभी समर्पित भाव से प्रयास करने हेतु सदैव तत्पर रहेंगे। इस घोषणा के बाद राष्ट्रगान सामूहिक स्वर में गाया गया। और कार्यक्रम का प्रेरणादाई समापन हुआ।



## गुरु गोविंद सिंह जयंती पर आज अवकाश

**मुजफ्फरनगर, 28 दिसंबर (बु.)।** गुरु गोविंद सिंह जयंती के उपलक्ष्य में गुरूवार को जिले के शैक्षिक संस्थानों में अवकाश रहेगा। जिला विद्यालय निरीक्षक( डीआइओएस) ने छुट्टी का आदेश जारी किया है। डीआइओएस गजेंद्र सिंह ने बताया कि जिले के माध्यमिक राजकीय, अशासकीय, वित्तविहीन मान्यता प्राप्त, सीबीएसई और आईसीएसई के सभी विद्यालयों में अवकाश रहेगा। इसके अलावा परिषदीय स्कूलों के बंद होने का भी ऐलान कर दिया गया है। इसके बाद स्कूलों में शीतकालीन अवकाश घोषित हो जाएगा।

## कोई स्कूल अभिभावकों को नहीं कर सकता बाध्य

**मुजफ्फरनगर, 28 दिसंबर (बु.)।** जिला विद्यालय निरीक्षक ने सख्त हिदायत दी है कि कोई भी स्कूल अभिभावकों को अपनी ओर से निर्धारित स्थान से किताबें, जूते, मौजे या वर्दी आदि खरीदने के लिए बाध्य ना करे। ऐसी कोई शिकायत मिलती है तो संबंधित स्कूल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीआईओएस गजेंद्र सिंह ने इस संबंध में शिकायतें मिल रही हैं। इसके बाद यह निर्देश जारी किए जा रहे हैं।

## यूपी में 2019 व 2014 बैच के आईएएस अफसर पदोन्नत

**लखनऊ।** लखनऊ में बुधवार को कई आईएएस अफसरों का प्रमोशन मंजूर किया गया है। 2019 बैच के 16 आईएएस अधिकारियों को सीनियर टाइम स्केल दिया गया है। जबकि 2014 बैच के 52 अधिकारियों को जूनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ग्रेड दिया गया है। यह निर्णय बुधवार को लिया गया है।

## साकेत कॉलोनी में युवक पर जानलेवा हमला

**मुजफ्फरनगर, 28 दिसम्बर (बु.)।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मौहल्ला साकेत कॉलोनी में तीन युवकों ने एक युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने युवक को मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। घायल का चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर-के कार्यवाही शुरू कर दी है। सिविल लाईन थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में ब्रह्मपुरी निवासी विशाल गौतम पुत्र रविन्द्र शर्मा ने बताया कि वह अपनी दुकान पर सामान देकर वापस अपने घर लौट रहा था। सोहम त्यागी ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर उसे रोक लिया और उसे लाठी डंडों और सरियों से मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। चीख पुकार पर कुछ लोगों ने आकर उसकी जान बचाई, तब सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गये।

## महिला ने किशोर के साथ किया जबरन सम्बन्ध बनाने का प्रयास

**मुजफ्फरनगर, 28 दिसम्बर (बु.)।** फोन पर बात करने वाली एक महिला ने किशोर को शहर के एक होटल में बुलाकर उसके साथ जबरन संबंध बनाने का प्रयास किया, किसी तरह किशोर महिला को चकमा देकर फरार हो गया। किशोर के भाई की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोर शहर निवासी एक महिला से फोन पर बात करता था। दोनों काफी समय से फोन पर बातचीत कर रहे थे। पुलिस के अनुसार सोमवार को महिला ने किशोर को नई मंडी कोतवाली क्षेत्र स्थित एक होटल में बुला लिया। आरोप है कि महिला ने होटल में किशोर पर जबरन शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाया। किशोर घबरा गया और किसी तरह महिला को चकमा देकर होटल से फरार हो गया। इसके बाद किशोर अपने घर पहुंचा और अपने बड़े भाई को पूरे मामले से अवगत कराया। किशोर के भाई ने महिला के खिलाफ नई मंडी कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## महिला वकील के साथ छेड़छाड़, विरोध पर मारपीट

**मुजफ्फरनगर, 28 दिसम्बर (बु.)।** घर से कचहरी जा रही महिला अधिवक्ता के साथ कुछ छात्रों ने सरेराह छेड़छाड़ की। महिला वकील द्वारा विरोध करने पर आरोपी छात्रों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला अधिवक्ता ने सिविल लाईन थाने पर दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह कचहरी में प्रैक्टिस करती है। गत् दिवस वह अपने गांव से स्कूटी पर सवार होकर कचहरी जा रही थी। सिविल लाइन क्षेत्र में चार-पांच स्कूली छात्र, जिन्होंने राजकीय इंटर कॉलेज की ड्रेस पहनी हुई थी, ने उसके साथ छेड़छाड़ की और विरोध करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है।

## कोरोना की नेजल वैक्सीन 325 रुपए में लगेगी

**नई दिल्ली ।** कोरोना की पहली नेजल वैक्सीन को मंजूरी देने के चार दिन बाद केंद्र सरकार ने इसकी कीमत तय कर दी है। भारत बायोटेक की यह वैक्सीन सरकारी अस्पतालों में 325 रुपए में लगवाई जा सकेगी। वहीं प्राइवेट अस्पतालों में इसके लिए 800 रुपए चुकाने होंगे। यह वैक्सीन जनवरी के आखिरी हफ्ते से उपलब्ध हो जाएगी। केंद्र ने दुनिया की पहली नेजल कोरोना वैक्सीन को 23 दिसंबर को मंजूरी दी थी। कोवैक्सिन बनाने वाली हैदराबाद की भारत बायोटेक ने इसे वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के साथ मिलकर बनाया है। नाक से ली जाने वाली इस वैक्सीन को बूस्टर डोज के तौर पर लिया जा सकेगा। सरकार ने यह भी कहा है कि जिसने तीन डोज ले लिए हैं, उन्हें अतिरिक्त डोज की जरूरत नहीं है। सिर्फ 3 ही डोज पर्याप्त हैं।

## खतौली में अतिक्रमण हटाने के लिए चलेगा अभियान

**मुजफ्फरनगर, 28 दिसंबर (बु.)।** खतौली में जल्द ही अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए व्यापारियों को चेतावनी के साथ कुछ समय की मोहलत दी गई है। उप जिलाधिकारी खतौली जीत सिंह राय की अध्यक्षता में तहसील खतौली के सभागार में व्यापारियों, सभ्रांत नागरिकों एवं अधिकारी के साथ अवैध अतिक्रमण हटाने के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गयी । इस दौरान एसडीएम ने कहा कि सार्वजनिक रास्ते पर अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए कुछ दिनों का अल्टीमेटम दिया गया है। जल्द ही नगर पालिका परिषद खतौली एवं प्रशासन के सहयोग से अतिक्रमण हटाया जाएगा, जो अतिक्रमण नहीं हटाएगा, उनसे जुर्माना वसूला जाएगा एवं दंडनीय कार्रवाई की जाएगी जाएगा। एसडीएम ने बताया यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी निर्माण नाली के ऊपर ना रहे। नालियों की साफ-सफाई भी हो। बरसात के समय में नालियों में जलजमाव हो जाता है, उसके निराकरण के लिए आज से ही नगर पालिका परिषद द्वारा जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत माइक से प्रचार प्रसार कराने

# पालिका टीम ने चलाया छापामार अभियान

**मुजफ्फरनगर, 28 दिसम्बर (बु.)।** सिंगल यूज प्लॉस्टिक को लेकर एक बार पालिका प्रशासन अलर्ट मोड़ पर दिखाई दिया है। बुधवार को इसी अभियान को लेकर नगर की सड़कों पर उतरी नगर पालिका की टीम ने छापामार अभियान के तहत करीब साढ़े 6 किग्रा प्रतिबंधित पॉलिथीन को जब्त करते हुए दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी। टीम की इस कार्रवाई से मुख्य बाजारों में घंटों तक हड़कंप सा मचा रहा। इस बीच टीम में मौजूद अधिकारियों ने दुकानदारों से प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लॉस्टिक के प्रयोग न करने के लिए क्षेत्र के दुकानदारों के साथ स्थानीय लोगों को जागरूक किया। बुधवार को शासन के निर्देशों के अनुपालन में नगर पालिका की टीम ने सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबन्ध के चलते पालिका क्षेत्र में सघन अभियान चलाया गया। इस दौरान पालिका की टीम द्वारा मुख्य बाजारों में कड़ी कार्रवाई करते हुए 6.5 किलोग्राम प्रतिबंधित प्लॉस्टिक को जब्त किया गया। अधिकारियों ने इस बीच मुख्य बाजारों में व्यापारियों के साथ आमजन को सिंगल यूज प्लॉस्टिक के प्रतिबन्ध के चलते भविष्य में इसके प्रयोग ना करने को प्रचार-प्रसार कराया गया। नगर क्षेत्र में शुरू किए अभियान में मुख्य रूप से ईओ पालिका हेमराज सिंह, योगेश कुमार मुख्य सफाई निरीक्षक, प्लाक्षा मेनवाल, सफाई निरीक्षक, पारुल यादव, कर अधीक्षक, अमित कुमार व अमरजीत राजस्व निरीक्षक, आकाश दीप, राजीव कुमार, स्वच्छ भारत मिशन एवं सुनील व अरविन्द अनुचर उपस्थित रहे।

**▶▶साढ़े छह किग्रा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लॉस्टिक की जब्त**



## महामंडलेश्वर के मर्डर की साजिश का खुलासा

**बागपत, 28 दिसंबर (वार्ता)।** महामंडलेश्वर कैलाशानंद की हत्या की साजिश रचने के संदिग्ध आरोपी ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी व पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी को इंस्टाग्राम पर मैसेज भेजकर संपर्क करने का प्रयास किया था। उसके मोबाइल की जांच में यह खुलासा हुआ है। वहीं जिस साइबर कैफे से उसने प्रयागराज जाने के लिए टिकट बुक किया था, पुलिस ने उसके संचालक से भी पूछताछ की। महामंडलेश्वर की हत्या की साजिश रचने के आरोपी विक्रम उर्फ योगेंद्र शर्मा को प्रयागराज की नैनी थाना पुलिस बुधवार को बागपत लेकर पहुंची। कोतवाली से प्रयागराज पुलिस ने अग्रवाल मंडी टटीरी में आरोपी विक्रम उर्फ योगेंद्र शर्मा के घर पहुंचकर परिवार वालों से पूछताछ की। नैनी थाने के एसआई सुमित त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी विक्रम के पास से हाईस्कूल की दो मार्कशीट भी बरामद हुई है, जिसमें एक में उसका नाम योगेंद्र शर्मा है तो दूसरी में विक्रम दर्ज है और जन्मतिथि भी अलग-अलग है। उन्होंने बताया कि आरोपी विक्रम उर्फ योगेंद्र शर्मा ने इंस्टाग्राम अकाउंट से कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी व पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो से संपर्क करने का प्रयास भी किया। जिसके लिए कई बार उनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर मैसेज भी किया, लेकिन उनकी तरफ से रिप्लाई नहीं आया।

**▶ संदिग्ध साजिशकर्ता ने प्रियंका गांधी और बिलावल भुट्टो को इंस्टाग्राम पर मैसेज भेजे थे**

## एक घंटे के अंदर भूकंप के दो झटकों से थर्राया नेपाल

**काठमांडू ।** नेपाल में बुधवार को देर रात एक घंटे के अंदर भूकंप के दो झटके आए। नेशनल अर्थक्वेक मॉनिटरिंग एंड रिसर्च सेंटर नेपाल के अनुसार बागलुंग जिले में महसूस किए गए झटकों की तीव्रता 4.7 और 5.3 रही। जानकारी के अनुसार, नेपाल के बागलुंग में एक और दो बजे के बीच भूकंप आए, हालांकि अभी तक जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। एनईएमआरसी से मिली रीडिंग के अनुसार, बागलुंग जिले में 01:23 (स्थानीय समयानुसार) पर 4.7 तीव्रता का भूकंप आया। वहीं दूसरा भूकंप पर बागलुंग जिले के खुंगा के आसपास 02:07 (स्थानीय समयानुसार) पर आया। एनईएमआरसी ने ट्वीट कर कहा कि अभी तक जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं है।

### कोरोना को लेकर और भ्रम फैलाएगा चीन, महीने में सिर्फ एक बार जारी करेगा आंकड़े, हटाएगा पाबंदियां

**बीजिंग।** चीन सरकार ने मंगलवार को मासिक आंकड़े जारी करने का एलान किया। यह ऐसा कदम है, जिससे नागरिकों में भ्रम और अविश्वास बढ़ने की आशंका है। मासिक आंकड़ों के जरिए बताया जाएगा कि देश में वायरस कितनी तेजी से फैल रहा है और यह कितने लोगों को घातक रूप से संक्रमित कर रहा है। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग के अनुसार देश के कोविड-19 प्रबंधन में रोकथाम और उपचार का मॉड्यूल शामिल है। देश में 2020 की शुरूआत से ही कोविड का स्तर 'ए' है। इसे जनवरी से घटाकर 'बी' कर दिया जाएगा। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार 8 जनवरी से चीन संक्रामक रोग की रोकथाम और उपचार की श्रेणी को घटा देगा। इससे कोविड की सख्त नीतियों में और ढील मिलेगी। इसके बाद संक्रमित व्यक्तियों को क्वारंटीन करने की भी जरूरत नहीं होगी। चीन ने जीरो कोविड नीति के तहत बीते तीन वर्ष से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को बंद कर रखा था। लेकिन, अब जब वहां कोविड का चरम दौर चल रहा है और पूरी दुनिया में कोविड के बहुत कम मामले सामने आ रहे हैं।

# सरकार को कोविशील्ड की दो करोड़ से अधिक खुराक

**नई दिल्ली, 28 दिसम्बर (वार्ता)।** सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) ने कुछ देशों में कोविड-19 मामलों में वृद्धि के बीच केंद्र सरकार को कोविशील्ड टीके की दो करोड़ खुराक निशुल्क देने की पेशकश की है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक आधिकारिक सूत्र के मुताबिक, सीरम इंस्टीट्यूट में सरकार और नियामक मामलों के निदेशक प्रकाश कुमार सिंह ने स्वास्थ्य मंत्रालय को पत्र लिखकर 410 करोड़ रुपये मूल्य की खुराक निशुल्क देने की पेशकश की है। पता चला है कि सिंह ने मंत्रालय से जानना चाहा है कि इन खुराकों की आपूर्ति कैसे की जा सकती है। एसआईआई ने अब तक राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के लिए सरकार को कोविशील्ड की 170 करोड़ से अधिक खुराक प्रदान की है।



# मामूली कहासुनी के बाद युवक को किया लहुलुहान

**▶▶धक्की-मुक्की के दौरान गिरने से वृद्ध महिला की मौत**

**▶▶आरोपित के खिलाफ मुकदमा, तलाश पुलिस दे रही दबिश**

**गढ़ीपुख्ता, 28 दिसम्बर (बु.)।** क्षेत्र के गांव भैंसवाल में मामूली से विवाद को लेकर दो युवकों में कहासुनी के दौरान एक युवक ने दूसरे युवक के सिर पर बाट मारकर उसे घायल कर दिया। इस दौरान हुई धक्कामुक्की में घायल की नानी की गिर जाने से मौके पर मौत हो गयी। घटना के संबंध में घायल युवक ने आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है, वहीं आरोपित की तलाश में दबिश दी जा रही है। मामला अलग-अलग समुदाय का होने के कारण गांव में तनाव है।



मृतका का फाइल फोटो

जानकारी के अनुसार गढ़ीपुख्ता क्षेत्र के गांव भैंसवाल निवासी रोहित पुत्र मुकेश निवासी उलबासपुर जनपद मुजफ्फरनगर बचपन में अपनी माता के निधन के बाद अपने ननिहाल में रह रहा है। बीती देर रात रोहित किसी काम से अपने घर से बाहर जा रहा था, इसी दौरान मौहल्ले के ही नाजिम ने रोहित के पड़नाना के बारे में कुछ अपशब्द कह दिए, जिससे रोहित व नाजिम में विवाद हो गया और उनमें मारपीट हो गयी। इसी दौरान नाजिम ने दुकान में रखा बाट रोहित के सिर में दे मारा, जिससे वह लहुलुहान हो गया। रोहित की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए तथा रोहित के परिजनों को मामले की जानकारी दी, जिसके बाद रोहित की 65 वर्षीय नानी दुलारी पत्नी ईश्वर सिंह वहां पहुंची, रोहित के सिर से खून निकलता देखकर वह भड़क गयी और नाजिम से भिड़ गयी। इसी दौरान धक्का लगने से दुलारी सड़क पर गिर गयी और उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं सूचना पर मृतका के अन्य परिजन भी मौके पर पहुंच गए और वहां तनाव फैल गया। इस दौरान आरोपित नाजिम मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर गढ़ीपुख्ता पुलिस मौके पर पहुंची तथा वृद्धा के शव को कब्जे में लेकर घायल रोहित को उपचार के लिए भिजवाया। पुलिस ने शव को भी पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के संबंध में रोहित ने गढ़ीपुख्ता थाने पहुंचकर नाजिम पुत्र इलियास निवासी पानीपत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपित की तलाश में दबिश दी, लेकिन वह हाथ नहीं लग पाया। ग्रामीणों के अनुसार आरोपित नाजिम करीब 5-6 माह से भैसवाल निवासी अपने ताऊ इस्लाम के यहां रह रहा था। वहीं एएसपी ओपी सिंह व सीओ भवन श्रेष्ठा ठाकुर ने भी गांव पहुंचकर घटना की जानकारी ली। थाना प्रभारी अजयवीर सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपित की तलाश में दबिश दी जा रही है जिसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गांव में तनाव जैसी कोई स्थिति नहीं है।

विलाप करते परिजन



# मंडावर में वैध पट्टे की आड़ में हो रहा अवैध खनन

**▶▶पॉकलेन व जेसीबी से यमुना का सीना चीरकर किया जा रहा खनन**

**▶▶मंडावर के ग्रामीणों ने डीएम से की कडी कार्रवाई करने की मांग**

**शामली, 28 दिसम्बर (बु.)।** कैराना क्षेत्र के गांव मंडावर में वैध पट्टे की आड़ में यमुना का सीना चीरकर पॉकलेन व जेसीबी मशीनों से हो रहे अवैध खनन व बांध के किनारे लगे हरे भरे पेड़ों को क्षतिग्रस्त करने को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया है। बुधवार को मंडावर के ग्रामीणों ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर नियम कायदों की अवहेलना करने वालों की जांच कराकर उनके खिलाफ कडी कार्रवाई करने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार कैराना क्षेत्र के गांव मंडावर के ग्रामीणों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि खनन विभाग ने दो ठेकेदारों को 5-5 सालों के लिए पट्टे आवंटित किए थे। ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त ठेकेदार क्षेत्रवासियों के साथ गाली गलौच व मारपीट करते हैं तथा वैध पट्टों की आड़ में पडौसियों की जमीनों पर अवैध ढंग से खनन कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यमुना के क्षेत्र में जितने भी गांव हैं जिनमें बिड़ौली, चौतरा, पठेड, बसेड़ा, मंडावर, इस्सोपुर खुरगान, नंगलाराई, मवी, काकौर, सहपत आदि में वैध व अवैध खनन होता है, जिसमें पॉकलेन और जेसीबी मशीनों के माध्यम से यमुना का सीना चीरा जा रहा है जिससे यमुना और ज्यादा गहरी हो गयी है और यमुना के पानी की धार मोड़ने की वजह से पानी गरीब किसानों की जमीन में पहुंचकर उनकी फसलों को बर्बाद कर देता है, जिससे जमीन का विस्तार हो जाता है और किसानों को अपनी जमीन पहचानने में परेशानी होती है जिससे किसानों में झगड़े होते रहते हैं और गोलियां भी चलती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार मशीनों द्वारा पानी से रेत निकालकर किए गए गड्ढों में वहां के स्थानीय लोग डूबकर मर जाते हैं। दो वर्ष में ही लगभग 7-8 लोग इन गड्ढों में डूब चुके हैं। उन्होंने कहा कि यदि खादर क्षेत्र के गांवों में ऐसे ही खनन होता रहा तो यमुना किनारे बसे तमाम गांवों में दैवीय आपदा बाढ़ जैसी तबाही आ सकती है, जिससे जनमानस, पशु, पक्षियों, पेड पौधों फसलों की बबार्दी का कारण बन सकती है। ग्रामीणों ने डीएम से वैध पट्टों की आड में हो रहे अवैध खनन के मामले का संज्ञान लेकर जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कडी कार्रवाई किए जाने की मांग की। इस मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य गयूर अली, दिलशाद, रुकमा आदि सहित अन्य ग्रामीण भी मौजूद रहे।



## ग्राम प्रधान व सचिव पर मिट्टी बेचने का आरोप

**शामली।** कैराना के गांव रामडा के ग्रामीणों ने गांव के प्रधान व सचिव पर तालाब की मिट्टी बेचने का आरोप लगाते हुए डीएम से शिकायत की है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव प्रधान व सचिव द्वारा तालाब की खुदाई कराई जा रही है जिसमें से निकली मिट्टी को प्रधान व सचिव द्वारा बेचा जा रहा है। ग्रामीणों ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की।

## लूट की सूचना पर दौड़ी सिविल लाइन पुलिस

**मुजफ्फरनगर, 28 दिसम्बर (बु.)। देर रात रेलवे स्टेशन व रोडवेज बस स्टैंड के बीच लूट की सूचना पर सिविल लाईन पुलिस में हड़कम्प मच गया और पुलिस ने भागदौड़ शुरू कर दी। बाद में लूट की सूचना सीओ देवबंद द्वारा लिखाई गई टैस्ट रिपोर्ट निकली। सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि देर रात बागपत जनपद के दोघट थाना क्षेत्र के गांव पुषार निवासी विवेक पुत्र रामवीर सिंह ने सिविल लाईन थाने पर सूचना दी थी कि वह सहारनपुर से ट्रेन में सवार होकर मुजफ्फरनगर आया था और बागपत जाने के लिये बस पकड़ने हेतु रोडवेज बस स्टैंड पर जा रहा था, तभी बाइक पर आये दो बदमाश उसका महंगा मोबाइल फोन छीनकर ले गये। लूट की सूचना पर पुलिस ने भागदौड़ शुरू कर दी। बाद में पुलिस को पता चला कि लूट की यह रिपोर्ट सीओ देवबंद ने पुलिस की कार्यप्रणाली परखने के लिये दर्ज कराई थी, तब जाकर पुलिस ने राहत की सांस ली।**

# तहसीलदार ने तालाब से हटवाया अतिक्रमण



**बुढ़ाना 28 दिसंबर (बु.)।** बुधवार के दिन स्थानीय ब्लॉक के गांव इटावा में बुढ़ाना तहसीलदार सतीश चंद्र बघेल ने पुलिस बल को साथ लेकर कागजात में दर्ज खसरा संख्या 212 में स्थित तालाब से अवैध अतिक्रमण हटवाकर तालाब की खुदाई अटल भूजल योजना के अंतर्गत कराई। मिली जानकारी के अनुसार जनपद मुजफ्फरनगर के डीएम चंद्र भूषण सिंह के कुशल मार्ग निर्देशन एवं उपजिलाधिकारी बुढ़ाना अरुण कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में ग्राम इटावा में स्थित खसरा संख्या 212 में स्थित तालाब से अवैध अतिक्रमण हटवाकर मौके पर तालाब की खुदाई अटल भूजल योजना के अंतर्गत करवाई। इस मौके पर यहां ग्राम प्रधान इटावा राजस्व टीम और गांव इटावा के व्यक्ति भी उपस्थित रहे। अवैध अतिक्रमण करने वालों को निर्देशित कर दिया गया है कि तालाब पर किसी भी प्रकार से अतिक्रमण ना किया जाए। अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। उप जिलाधिकारी श्रीवास्तव द्वारा सभी राजस्व निरीक्षक एवं लेखपालों को स्पष्ट रूप से निर्देशित कर दिया गया है कि तहसील बुढ़ाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिन तालाबों पर अवैध अतिक्रमण है उनको जल्द से जल्द खाली करवाकर पोर्टल पर अद्यतन स्थिति के साथ ही फीडिंग कराएं।

# कोरोना से बेहाल हुए चीन के लिए संकटमोचक बनीं भारत की दवाएं

**बीजिंग, 28 दिसम्बर (बु.)।** चीन में भारत में बनीं जेनरिक दवाओं के बेचने और इस्तेमाल पर प्रतिबंध है। लेकिन, कोविड संक्रमण के बेकाबू हालात के सामने चीनी सरकार घुटनों पर नजर आ रही है। प्रतिबंधों के बावजूद भारत में बनीं जेनरिक दवाओं की यहां धड़ल्ले से कालाबाजारी हो रही है और सरकार ने इसके लिए मौन सहमति दे रखी है। इसके अलावा चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने कोविड के इलाज के लिए अमेरिकी कंपनी फाइजर की पैक्सलोविड के व्यापक वितरण का एलान किया है। यह पहली विदेशी दवा है, जिसे चीन के सरकारी अस्पतालों में मुहैया कराए जाने की योजना बनी है। चीन में मोटे तौर पर ज्यादातर लोग कोविड के इलाज के लिए फाइजर की पैक्सलोविड व एज्वुडीन के भारत में निर्मित जेनरिक वर्जन प्राइमोविर, पैक्सिस्टा, मॉलन्युनैट और मोल्नाट्रिस ही सहारा हैं। फार्मास्युटिकल्स एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन शाहिल मुंजाल ने बताया कि चीन से लगातार कोविड और अन्य दवाओं की मांग आ रही है। सबसे ज्यादा मांग आईबूफेन व पैरासीटामोल की देखने को मिली है।

## पीएम की मां बीमार

**नई दिल्ली।** बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन की तबीयत बिगड़ गई है, जिसके बाद उन्हें अहमदाबाद के यूएन मेहता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हीराबेन की उम्र 100 साल से अधिक है और अभी भी वह काफी सक्रिय रहती हैं। इसी साल जून के महीने में उन्होंने अपना 100वां जन्मदिन मनाया था। इस मौके पर पीएम मोदी ने उनके पैर धोकर आशीर्वाद लिया था। यूएन मेहता अस्पताल प्रबंधन ने ताजा रिपोर्ट जारी करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां हीराबेन मोदी को अहमदाबाद में यूएन मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर में भर्ती कराया गया है और उनकी स्वास्थ्य स्थिति फिलहाल स्थिर है। कर्नाटक के मैसूर में उनके भाई प्रह्लाद मोदी सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। पीएम मोदी ने अस्पताल पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना

## एक साल से रुका खंभा लगाने का काम हुआ शुरू

**मुजफ्फरनगर, 28 दिसंबर (बु.)।** तहसील बुढ़ाना के ग्राम नगवा एवं इटावा से जाने वाली हाईटेंशन ट्रांसमिशन लाइन की स्थापना हेतु लगने वाले विद्युत पोल पर लगभग एक साल से रुके हुए कार्य को किसानों की आपसी सहमति के आधार पर आज शुरू करा दिया गया।

उप जिलाधिकारी बुढ़ाना अरुण कुमार के नेतृत्व में ग्राम नगवा एवं इटावा से जाने वाली हाईटेंशन ट्रांसमिशन लाइन की स्थापना हेतु लगने वाले विद्युत पोल पर लगभग एक साल से रुके हुए कार्य को किसानों की आपसी सहमति के आधार पर आज कार्य शुरू करा दिया गया है। इटावा के किसान मुआवजा एवं हाईटेंशन ट्रांसमिशन लाइन की लोकेशन को लेकर निरंतर विरोध कर रहे थे। आज विद्युत विभाग एवं राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम ग्राम प्रधान इटावा एवं सभी प्रभावित किसानों के साथ वार्ता कर सभी की सहमति से विद्युत पोल लगाने संबंधी फाउंडेशन कार्य शुरू कराया गया है सभी लोग सहमत हैं।

# जम्मू के पास चार आतंकी सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में किए ढेर

**जम्मू, 28 दिसम्बर (वार्ता)।** जम्मू शहर के साथ सटे सिद्दड़ा इलाके में बुधवार तड़के सुबह सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में चार आतंकी मारे गए हैं। चारों आतंकी ट्रक में छिपे थे। मुठभेड़ के दौरान ट्रक भी आग की चपेट में आ गया। ट्रक चालक फरार बताया जा रहा है, जिसकी तलाश की जा रही है। चारों आतंकियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। घटना से संबंधित क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया गया है। बता दें कि कुछ दिन पहले ही सिद्दड़ा में पुलिस पोस्ट पर संदिग्ध ग्रेनेड हमला किया गया था। आतंकियों के पास से हथियार भी मिले हैं। सात ऐक 47, तीन पिस्टल और एम4 राइफल और गोला बारूद बरामद किया गया है। बताया जा रहा है कि ट्रक नंबर जेके 18-1226 कश्मीर घाटी के कुलगाम के गुलाम मोहम्मद खान के नाम रजिस्टर्ड है। फिलहाल, सुरक्षाकर्मी ट्रक की तलाश कर रहे हैं। तलाशी अभियान जारी है। उल्लेखनीय है कि सिद्दड़ा पुल के पास छह दिसंबर देर रात आतंकियों ने पुलिस पोस्ट पर ग्रेनेड हमला किया था। पुल पर मौजूद पुलिसकर्मियों को निशाना बनाकर यह हमला किया गया था। हालांकि हमलावर चूक गए और ग्रेनेड पास के एक बिजली के खंभे और पेड़ के बीच जा गिरा। खंभे पर छर्रे के निशान मिले थे।

## पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की सभा में भगदड़; सात लोगों की मौत

**अमरावती, 28 दिसम्बर (वार्ता)।** आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू की जनसभा में भगदड़ मचने की खबर है। इसमें कम से कम सात लोगों की मौत हो गई है। कई लोग घायल बताए जा रहे हैं। जनसभा नेल्लोर जिले के कुंदुकुर में आयोजित की गई थी। जानकारी के मुताबिक, लोगों को आनन-फानन में अस्पताल में पहुंचाया गया। इनमें से पांच लोगों को डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया। थोड़ी ही देर बाद दो अन्य लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। घायलों में दो की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, जनसभा के दौरान कार्यकताओं के बीच हाथापाई हुई, जिसके बाद यह भगदड़ मची। इस दौरान टीडीपी के सात कार्यकर्ताओं की मौत हो गई है। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है।

### मायावती ने तीस दिसंबर को लखनऊ में बुलाई बैठक

**लखनऊ, 28 दिसंबर (वार्ता)।** निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर बसपा प्रमुख मायावती ने लखनऊ में पार्टी के प्रदेश मुख्यालय पर बैठक रखी है। तीस दिसंबर को इस बैठक का आयोजन होगा। बैठक में पार्टी के सभी बड़े नेता, मंडल कोआर्डिनेटर, सेक्टर कोआर्डिनेटर, बामसेफ के जिलाध्यक्ष एवं पार्टी जिलाध्यक्ष बुलाए गए हैं। इसमें निकाय चुनाव एवं लोकसभा चुनाव 2024 दोनों पर मंथन होगा। साथ ही 15 जनवरी को उनकेजन्मदिन को कल्याणकारी दिवस के रूप में मनाए जाने पर भी बात होगी।

### पीड़िता ने ससुराल पक्ष के विरुद्ध जिलाधिकारी से की शिकायत

**मुजफ्फरनगर, 28 दिसम्बर (बु.)।** बुधवार को कलेक्ट्रेट में पहुंची मौहल्ला जनकपुरी निवासी नीलम पुत्री सोमदत्त त्यागी ने डीएम को सौंपे शिकायती पत्र में अपने ससुरालियों पर अपराधिक व दहेज लोभी बताते हुए जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। डीएम से मिली नीलम त्यागी नामक पीड़िता ने अपने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज की मांग पूरी न किए जाने पर जान से मारने की कोशिश किए जाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का यह भी आरोप है कि उसका उत्पीड़न किए जाने के मामले में परिवार के अन्य सदस्यों के साथ उसका पति भी शामिल है, जिसमें बीते दिनों साजिश के तहत उस वक्त जान से मारने की कोशिश की, जब उसकी बेटी स्कूल में गई हुई थी। उक्त घटना का जिक्र करते हुए पीड़िता ने बताया कि इस घटना में उसे बामुश्किल जान बचाकर भागने को विवश होना पड़ा था। जिसमें उसने बाद में अपने पिता को फोन पर सूचना देने के साथ अपनी जान घर से बाहर झाड़ियों में छिपकर बचाई थी। पीड़िता ने डीएम से मिलकर इस मामले में अपने पति अनुज त्यागी के साथ सास-ससुर व जेठ के लड़के से जान-माल और इज्जत की सुरक्षा कराए जाने के साथ ही दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की।

# सम्मेद शिखर की अस्मिता बचाने को अनशन करेगा जैन समाज

**मुजफ्फरनगर, 28 दिसंबर (बु.)।** मुजफ्फरनगर सहित जनपद के विभिन्न स्थानों व देश तथा प्रदेश भर में सम्मेद शिखर जी की अस्मिता की रक्षा और इसे पर्यटन क्षेत्र घोषित करने का फैसला वापस लेने की मांग को लेकर प्रदर्शनों के बाद अब जैन समाज ने दो जनवरी से अपनी मांग को लेकर क्रमिक अनशन शुरू करने का ऐलान किया है।

जैन अतिथि भवन में हुई जैन समाज के जिम्मेदार लोगों की बैठक में तय किया गया कि समस्त जैन समाज सम्मेद शिखर जी को लेकर अपनी मांग के समर्थन में अनशन करेगा। समाज ने तय किया कि शिखरजी आंदोलन और मुखर किये जाने हेतु 2 जनवरी को सुबह 8:00 बजे से जैन समाज क्रमिक अनशन करेगा। इसमें तय किया गया कि अनशन का स्थान जैन अतिथि भवन, भारत माता चौक, प्रेमपुरी होगा। यह अनशन दो जनवरी से शुरू होगा और दस जनवरी तक चलेगा। क्रमिक अनशन का समय चौबीस घंटे का होगा। इसमें अनशन की एक शिफ्ट 12 घंटे की होगी जो सुबह 9 बजे से शाम 9 बजे तक व दूसरी शिफ्ट रात 9 बजे से सुबह 9 बजे तक होगी। एक शिफ्ट में 5 लोग होंगे। ऐसे में एक दिन में दो शिफ्टों में कम से कम 10 लोग अनशन करेंगे। यह संख्या कम से कम है। परिस्थितियों के अनुसार अनशन करने वालों की संख्या ज्यादा भी हो सकती है। बैठक में तय किया गया कि 12 घंटे के अनशन के लिये क्रमवार नाम लिखे जा रहे हैं। इसके लिए अनशन पर बैठने के लिए इच्छुक व्यक्ति अपने नाम लिखवा सकते हैं। अनशन सम्बन्धी सभी इंतजाम जैन अतिथि भवन में कर लिये गये हैं व जो भी शिखरजी बचाओ के इस धर्म हवन में अपनी आहुति देने की भावना रखते हैं उन सभी का स्वागत है। ऐसे लोग अनशन पर बैठने के लिये अपने नाम नगर क्षेत्र से मोबाइल नंबर 9760708700 व नई मंडी क्षेत्र हेतु मोबाइल नंबर 09634382592 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके बाद क्रमवार अनशनकारियों की सूची बनाने के बाद उन्हें समय व दिन बता दिया जाएगा।

**▶▶दो जनवरी से दस जनवरी तक दो शिफ्टों में चलेगा बारह-बारह घंटे का अनशन**




## पुलिस चौकी के मंदिर से दानपात्र चोरी

**मुजफ्फरनगर, 28 दिसम्बर (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र की आबकारी पुलिस चौकी में स्थित मंदिर का दानपात्र चोरी कर लिया गया। मंदिर के पुजारी ने पुलिस में रिपोर्ट कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर एक कथित चोर को गिरफ्तार करके उससे दानपात्र बरामद करने का दावा किया है।

शहर कोतवाली पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में आबकारी पुलिस चौकी में स्थित मंदिर के पुजारी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि बीती देर रात्रि वह मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद अपने गुरू से मिलने भारत माता मंदिर गये थे। इसी दौरान अज्ञात लोगों ने मंदिर में रखा दानपात्र चोरी कर लिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर भागदौड़ शुरू कर दी और एक सूचना के आधार पर एक युवक को मंदिर से चोरी हुए दानपात्र के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी शाहबुद्दीनपुर रोड निवासी अमन पुत्र अमीर आजम है। पुलिस ने बताया कि दानपात्र में रखी नकदी भी बरामद कर ली गई है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

## अंगीठी जलाकर सोई महिला व दो बच्चों की मौत, पति गंभीर

**बलरामपुर, 28 दिसंबर (वार्ता)। बलरामपुर जिले में उतरौला कस्बे से सटे लालगंज में बुधवार को बंद कमरे से महिला व दो बच्चों के शव मिले। जबकि उसका पति बेहोशी की हालत में मिला। उसे संयुक्त जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। तीनों की मौत की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी मगर कमरे में कोयले की अंगीठी मिली है। इसके चलते माना जा रहा है कि जहरीली गैस से दम घुटने के चलते तीनों की मौत हुई है। मध्य प्रदेश के भिंड जिले में थाना लहर बड़ोखरी निवासी कालीचरण कुशवाहा का पुत्र मंटोले (42) करीब आठ साल से उतरौला कस्बे से सटे लालगंज में किराए के मकान में रहता है। पत्नी रेखा (38) और बेटी लक्ष्मी (11) व बेटा कान्हा (8) भी मंटोले के साथ रहते थे। वह कस्बे में पानी पूरी का ठेला लगाकर गुजारा करता था। भिंड से मंटोले के भाई ने बुधवार सुबह उसे कई बार फोन किया मगर कॉल रिसीव नहीं हुई। इससे परेशान भाई ने लक्ष्मी व कान्हा के स्कूल के शिक्षक को फोन किया। बताया कि मंटोले से बात नहीं हो पा रही है। कुछ देर बाद शिक्षक मंटोले के घर पहुंचे और दरवाजा खटखटाया मगर भीतर से कोई जवाब नहीं मिला। अनहोनी की आशंका में शिक्षक ने यूपी 112 के नंबर पर कॉल की। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और लोहे के दरवाजे को तोड़ने का प्रयास किया मगर सफलता नहीं मिली।**

# स्कूल में चीखकर-चिल्लाकर बेहोश हो रहीं छात्राएं, 29 कर रहीं अजीब हरकतें

**चंपावत, 28 दिसंबर (वार्ता)।** चंपावत के अटल उत्कृष्ट जीआईसी रीठा साहिब में छात्राओं के चीखने-चिल्लाने और अचेत होने का मामला सामने आया है। मंगलवार और बुधवार को 29 छात्राएं और तीन छात्र अचाक बेहोश हो गए। शिक्षा विभाग इसे मास हिस्टीरिया मान रहा है। छात्र-छात्राओं की काउंसलिंग के लिए स्वास्थ्य विभाग से आग्रह किया है। हालांकि अभिभावक इसे दैवीय प्रकोप बता रहे हैं।

पूर्व बीडीसी सदस्य कुंदन सिंह बोहरा और चतुर सिंह बोहरा ने बताया कि मंगलवार को मध्यांतर के बाद शुरू हुए पांचवें पीरियड में नौवीं से इंटर तक की 24 छात्राएं एक-एक कर चिल्लाने लगी। रोने के फौरन बाद अचेत हो गईं। पानी पिलाने के कुछ देर बाद छात्राएं होश में आ गईं। बुधवार को भी पांच अन्य छात्राएं अचेत हुईं। एकीकृत नर्सिंग कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर और मनोचिकित्सक डॉ. रश्मि रावत ने कहा कि हिस्टीरिया आमतौर पर मनोविकार या मनोवैज्ञानिक समस्या है। इसमें कई बार किसी असामान्य हरकत की साथ दूसरे की नकल करते हैं। इसमें व्यक्ति भीतर ही भीतर घुट रहा होता है और अपना दर्द किसी को बता नहीं पाता। पहाड़ में ऐसे मामलों में ज्यादातर देव डांगर और झाड़फूंक का सहारा लिया जाता है। ऐसे मरीज दूसरे को झूमते देखते हैं, तो कई बार वे भी उसकी नकल करने लगते हैं। इसे ही मास हिस्टीरिया कहते हैं। ये समस्या ज्यादातर कम पढ़ी लिखी या मन की बात को न कह पाने की वजह से सामने आती है। इसके लक्षण हैं-पेट या सिर दर्द, बाल नोंचना, हाथ पांव पटकना, इधर-उधर भागना, रोना, चिल्लाना, गुस्सा करना, उदास रहना, थोड़ी देर के लिए बेहोश होकर अकड़ जाना, भूख और नींद में कमी आना। इसका इलाज है कि मनोचिकित्सक को दिखाया जाए, काउंसलिंग के साथ उस परिवार को जागरूक किया जाए, हिप्नोथेरेपी के जरिए आंतरिक मन में ध्यान केंद्रित कर मन में छिपे तरीकों को स्वयं के जीवन में परिवतज्न लाने और नियंत्रण के लिए उपयोग किया जाए। इस साल जिले के स्कूलों में अचेत होने की यह तीसरी घटना है। इससे पहले पाटी ब्लॉक में ही रमक और पाटी में भी ऐसी वारदात हो चुकी है। पिछले महीने भी पाटी ब्लॉक के रमक जीआईसी में 39 छात्राओं को भी ऐसे ही दौरे पड़े थे। इस मामले का राज्य बाल संरक्षण आयोग ने भी संज्ञान लिया था। आयोग ने शिक्षा विभाग से सभी जरूरी कदम उठाने की जानकारी मांगने के साथ भविष्य के लिए एहतियाती उपाय का ब्योरा तलब किया था। सीईओ जितेंद्र सक्सेना का कहना था कि जागरूकता के अलावा छात्राओं की मनोचिकित्सकों से काउंसलिंग कराई गई थी।

**शिक्षा विभाग की ओर से आयोग को दी गई जानकारी के बिंदु :-**

-दौरा पड़ने पर हवादार जगह पर आराम कराएं। हाथ पांव पर मालिश करें।

-चेहरे पर पानी से छींटे मारने से होश आने में मदद मिलती है।

-बेहोशी आने पर हींग और प्याज काटकर सुंघाएं।

-जामुन सहित अन्य फलों का नियमित रूप से उपयोग लाभकारी है।

-मरीज को रोज सुबह-शाम एक-एक चम्मच शहद का सेवन करने से आराम मिलेगा।

-प्राणायम के अलावा ताड़ासन, भुजंगासन और सिंहासन करें।

## अमेरिका में बिकेगी पाकिस्तानी दूतावास की इमारत, भारतीय ने लगाई दूसरी सबसे ऊंची बोली

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान लंबे समय से आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। हालात यहां तक पहुंच गए हैं कि विदेशों में उसे अपनी संपत्ति को बेचना पड़ रहा है। अमेरिका में भी पाकिस्तान अपने दूतावास की इमारत बेच रहा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हाल ही में अमेरिका में स्थित अपने दूतावास की इमारत को बेचने की मंजूरी दी थी। इस खरीदने के लिए बोली लगना शुरू हो गया है। मजेदार बात यह है कि इस इमारत के लिए अब तक तीन बोलियां आईं हैं। इनमें सबसे ऊंची बोली एक यहूदी समूह ने लगाई है। वहीं, दूसरी सबसे ऊंची बोली एक भारतीय रिएल्टर की तरफ से है। यह इमारत अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन के पॉश इलाके में है और इसकी कीमत करीब 60 लाख अमेरिकी डॉलर बताई गई है। मौजूदा आर्थिक संकट के बीच पाकिस्तान को अपनी इस संपत्ति के लिए तीन बोलियां मिली हैं। जिस इमारत में कभी पाकिस्तान के दूतावास का डिफेंस सेक्शन स्थित था, उसके लिए एक यहूदी समूह ने सबसे ऊंची बोली लगाई है।